● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 194, पृष्ठ : 08, सीधी, सोमवार, 26 अगस्त 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



मार्च 2026 तक देश को नक्सली हिंसा से मुक्त करा देंगे 5

दिल्ली कैपिटल्स के कोच बन सकते हैं युवराज सिंह 6

## नारी सम्मान की रक्षा हमारा दायित्व : पीएम

### पीएम जलगांव में बोले-महिलाओं के खिलाफ अपराध माफी योग्य नहीं

**जलगांव।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को महाराष्ट्र के जलगांव में लखपति दीदी कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने स्व-सहायता समूहों को 5 हजार करोड़ रुपए का लोन जारी किया। साथ ही 11 लाख लखपति दीदियों को सर्टिफिकेट भी दिया।

पीएम ने देशभर में हो रही रेप की घटनाओं पर चिंता जताई। कोलकाता में महिला डॉक्टर, बदलापुर में दो बच्चियों के यौन शोषण समेत देशभर में हो रही घटनाओं का बिना नाम लिए उन्होंने कहा- आज देश का हर राज्य अपनी बेटियों की पीड़ा और गुस्से को समझ रहा है। मैं देश के हर राजनीतिक दल और राज्य सरकार से कहूंगा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध अक्षम्य है। दोषी कोई भी हो, बचना नहीं चाहिए। सरकारें आती जाती रहेंगी। नारी के सम्मान और गरिमा और उनके जीवन की रक्षा का दायित्व हमारा है।



महाराष्ट्र को आने वाले कई साल तक महायुति की स्थिर सरकार की जरूरत है। जो उद्योगों को, युवाओं की पढ़ाई और नौकरी को बढ़ावा दे सके। मुझे भरोसा है यहां की माताएं बहनें मेरा साथ देंगी। एक बार फिर महायुति सरकार के कामों को सरकार की मदद का आश्वासन देता हूं।

मैं बेटियों को बताना चाहता हूं कि पहले शिकायत आती थी एफआईआर नहीं होती। ऐसी अड़चनों को हमने भारतीय न्याय संहिता में दूर कर दिया है। महिला और बच्चों के लिए अलग चैप्टर रखा है। अगर पीड़ित थाने नहीं जाना चाहती तो जीरो एफआईआर कर सकती है। इस पर सबसे पहले एक्शन के निर्देश दिए गए हैं।

नाबालिगों से यौन अपराध के लिए फांसी और उम्रकैद नए कानूनों में रखी गई है। भारतीय न्याय संहिता में शादी के नाम पर धोखे और छल को भी साफ साफ परिभाषित किया गया है। केंद्र सरकार महिलाओं के खिलाफ अपराध रोकने लिए तैयार है।

आज तीनों सेनाओं में महिला अफसर तैनात हो रही हैं। गांव में कृषि और डेयरी सेक्टर में बेटियां बिजनेस मैनेज कर रही हैं। राजनीति में भी उनकी भागीदारी बढ़े इसके लिए हमने नारीशक्ति वंदन अधिनियम बनाया है। मैंने लाल किले से भी बार बार इस विषय को उठाया है। आज देश का हर राज्य अपनी बेटियों की पीड़ा और गुस्से को समझ रहा है।

मैं देश के हर राजनीतिक दल और राज्य सरकार से कहूंगा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध अक्षम्य अपराध है। दोषी कोई भी हो उसे बचना नहीं चाहिए, उसे मदद करने वाला बचना नहीं चाहिए। अस्पताल, पुलिस, स्कूल, दफ्तर जिस भी स्तर पर लापरवाही हो उस पर कार्रवाई होनी चाहिए।

ऊपर से नीचे तक ये संदेश जाना चाहिए कि ये अक्षम्य अपराध है। सरकारें आती जाती रहेंगी। ये हमारा दायित्व है नारी सम्मान और गरिमा और उनके जीवन की रक्षा हो।

अब हम बहनों को लोन पायलट बना रहे हैं। हम उन्हें लाखों रुपए का ड्रोन दे रहे हैं ताकि वे इससे खेती में किसानों की मदद कर पाएं। पशु सखियों को ट्रेनिंग दे रहे हैं ताकि वे पशुपालकों की मदद कर पाएं। इतना ही नहीं आधुनिक खेती के लिए भी नारियों को कृषि सखियां बना रहे हैं।

भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों और सिद्धांतों के प्रसार के लिये

## हर विकासखण्ड के एक गाँव को बरसाना के रूप में किया जायेगा विकसित: डॉ. यादव



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के सभी विकासखण्डों में एक गाँव को चयनित कर बरसाना गाँव के रूप में विकसित किया जायेगा। इन गाँवों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों और सिद्धांतों का प्रसार जन-जन तक पहुँचाया जायेगा। बरसाना गाँव में जहां एक ओर प्राचीन संस्कृति को पुष्पित और पल्लवित किया जायेगा वहीं दूसरी ओर जैविक खेती और दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा दिया जायेगा। इन गाँवों में विकास की नई दिशा तय की जायेगी। ग्रामीणों में मानवता, सामाजिक, सांस्कृतिक एकता के जन जागरण का प्रसार कर एक ऐसा समाज तैयार किया जायेगा, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण के आदर्श और सिद्धांत दिखाई दें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के हर एक नगरीय निकाय में गीता भवन केन्द्र भी स्थापित किये जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज इंदौर में भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर हर बालक कृष्ण-हर माँ यशोदा की थीम पर आयोजित देश में अपने तरह के पहले एवं अनूठे कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस धर्ममय एवं ऐतिहासिक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उपस्थित बाल-गोपालों और यशोदा माताओं का पुष्प-वर्षा कर अभिनंदन किया। इस अनूठे कार्यक्रम में 5 हजार से अधिक बच्चे बाल-गोपाल और इतनी ही माताएं मैया यशोदा के रूप में मौजूद थी। कार्यक्रम स्थल पूरी तरह आलौकिक अनुभूति से सराबोर था।

## उमर अब्दुल्ला गांदरबल से चुनाव लड़ेंगे

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला गांदरबल सीट से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। श्रीनगर से नेशनल कॉन्फ्रेंस के सांसद सैयद रुहुल्लाह मेहदी ने नुनेर की एक चुनावी रैली में इसकी घोषणा की। उमर अब्दुल्ला भी यहां मौजूद थे।

हालांकि जुलाई 2020 में उमर ने कहा था कि जब तक जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा नहीं मिलता, मैं विधानसभा चुनाव नहीं लड़ूंगा। 2014 के विधानसभा चुनाव में उमर बीरवाह सीट से लड़े थे। उन्होंने कांग्रेस कैंडिडेट नाजिर अहमद खान को 910 वोटों से हराया था। अब्दुल्ला ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने हमारे घोषणा पत्र की नकल की है। उन्होंने करीब वो सभी वादे किए जो हमने पहले किए। कश्मीर की बेहतरी के लिए एनसी-कांग्रेस कैंडिडेट्स के खिलाफ पीडीपी अपना कैंडिडेट न उतारे क्योंकि उनका एजेंडा एक ही है। पीडीपी सुप्रीमो महबूबा मुफ्ती ने 24 अगस्त को पार्टी का घोषणापत्र जारी किया था। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के बीच गठबंधन सीट बंटवारे पर हो रहा है, न कि एजेंडे पर। अगर दोनों दल हमारी पार्टी का एजेंडा मानेंगे तो हम गठबंधन को तैयार हैं। हमारा सिर्फ एक ही एजेंडा है- जम्मू-कश्मीर की समस्या का समाधान। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस की जम्मू-कश्मीर चुनाव को लेकर कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट आज जारी हो सकती है। गठबंधन के तहत पहले फेज में नेशनल कॉन्फ्रेंस 15 और कांग्रेस 9 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।



## केरल चलचित्र अकेडमी के चेयरपर्सन फिल्ममेकर रंजीत ने दिया इस्तीफा

**मुबई।** जस्टिस हेमा कमेटी की रिपोर्ट सामने के बाद से मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में हलचल मची हुई है। इसी बीच रविवार को नेशनल अवॉर्ड विनिंग फिल्ममेकर रंजीत बालकृष्णन ने केरल चलचित्र अकेडमी के चेयरपर्सन पद से इस्तीफा दे दिया है। रंजीत पर हाल ही में बंगाली एक्ट्रेस श्रीलेखा मित्रा ने दुर्व्यवहार के आरोप लगाए थे। फिल्ममेकर ने इन आरोपों से इंकार भी किया था पर इसके बावजूद भी रंजीत ने आरोप लगने के दो दिन बाद चेयरपर्सन पद से इस्तीफा दे दिया है।

## मिस इंडिया में एक भी दलित-आदिवासी नहीं : राहुल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने मिस इंडिया कॉम्पिटिशन में दलित-आदिवासी महिलाओं की कमी वाले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के बयान की आलोचना की है। रिजिजू ने रविवार को कहा- राहुल मिस इंडिया में भी आरक्षण चाहते हैं। ये सिर्फ बाल बुद्धि की दिक्कत नहीं है। जो लोग उनकी जय-जयकार करते हैं, वे भी उतने ही जिम्मेदार हैं। दरअसल, नेता प्रतिपक्ष राहुल ने 24 अगस्त को प्रयागराज में कहा कि मैंने मिस इंडिया की लिस्ट चेक की। इसमें कोई दलित, आदिवासी या ओबीसी कम्युनिटी की महिला नहीं थी। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि देश सुपर पावर बन गया। कैसे सुपर पावर बन जाएगा? 90% लोग सिस्टम से बाहर बैठे हैं। राहुल के बयान पर रिजिजू ने कहा- बाल बुद्धि मनोरंजन के लिए अच्छी हो सकती है, लेकिन राहुल अपनी विभाजनकारी बातों से हमारे पिछड़े समुदायों का मजाक न उड़ाएं। सरकार मिस इंडिया को सिलेक्ट नहीं करती। सरकार ओलिंपिक के लिए एथलीट्स और फिल्मों के एक्टर्स को नहीं चुनती है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा- पीएम मोदी जी ने भी स्पष्ट कर दिया है कि केंद्र सुप्रीम कोर्ट को आईएएस, आईपीएस, आईएफएस समेत सभी शीर्ष सेवाओं की भर्ती में आरक्षण में बदलाव करने की इजाजत नहीं देगी। रिजिजू ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देश की पहली आदिवासी राष्ट्रपति हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओबीसी से हैं। रिकॉर्ड संख्या में कैबिनेट मंत्री हैं, जो अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति से हैं।



## झीलों के अतिक्रमण पर लगातार एक्शन होगा

**हैदराबाद।** तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी ने कहा कि उनकी सरकार झीलों पर अतिक्रमण करने वालों को नहीं बख्शेगी। अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई जरूर होगी, भले ही वे कितने ही बड़े सेलिब्रिटी क्यों न हों। सीएम रेड्डी ने तेलुगु एक्टर नागार्जुन के हैदराबाद में बने कन्वेंशन सेंटर पर बुल्डोजर एक्शन के एक दिन बाद यह बयान दिया है। हैदराबाद आपदा प्रतिक्रिया और संपत्ति संरक्षण एजेंसी ने 24 अगस्त को तम्मिडीकुंटा झील के बफर जोन के फुल टैंक लेवल में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की थी।

## मप्र में नर्मदा-शिप्रा उफान पर, हिमाचल में 73 सड़कें बंद

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 21 से ज्यादा जिलों में तेज बारिश हुई। प्रदेश की दो प्रमुख नदियां (नर्मदा और शिप्रा) उफान पर हैं। उज्जैन में कई घाट और मंदिर शिप्रा नदी में डूब गए हैं।

हिमाचल प्रदेश में बारिश के चलते 73 सड़कें बंद कर दी गईं। इनमें से 35 शिमला में, 20 मंडी में, 9 कांगड़ा में, 6 कुल्लू में, 2 किन्नौर में और 1 ऊना जिले में बंद हैं। इधर, यूपी के बलिया में सरयू नदी में पीपा पुल बह गया। लखीमपुर खीरी में नाले में 2 युवक डूब गए। इसमें से एक की मौत हो गई। आज राजस्थान के 4 जिलों में बारिश का रेड अलर्ट है।

केंद्र ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में 27 जून को मानसून सीजन की शुरुआत से लेकर शुक्रवार (23 अगस्त) तक बारिश से जुड़ी घटनाओं में अब तक 140 लोगों की जान गई है और राज्य को लगभग 1,212 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। बिहार के भागलपुर में जल संसाधन विभाग के चीफ इंजीनियर इंस्पेक्शन के दौरान गंगा में बह गए। हालांकि उन्होंने लाइव जैकेट पहन रखी थी, इसलिए वे डूबे नहीं। उनके साथ एनडीआरएफ टीम भी थी।

## यूपीएस में यू का मतलब सरकार का यू-टर्न : खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने केंद्र सरकार की यूनिफाइड पेंशन स्कीम लाने के फैसले पर निशाना साधा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- यूपीएस में यू का मतलब मोदी सरकार का यू-टर्न है। खड़गे ने एक्स पर कहा- 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद पीएम के सत्ता के अहंकार पर जनता की शक्ति हावी हुई है।

सरकार ने पहले बजट में लॉन्ग टर्म कैपिटल गैन/इंडेक्सेशन का फैसला वापस लिया। इसके बाद ब्रॉडकास्टिंग बिल, यूपीएससी के उच्च पदों पर लेटरल एंट्री का फैसला भी वापस लिया। हम सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करते रहेंगे। 140 करोड़ भारतीयों को इस सरकार से बचाते रहेंगे।



दरअसल, केंद्र सरकार शनिवार (24 अगस्त) को न्यू पेंशन स्कीम की जगह यूनिफाइड पेंशन स्कीम लेकर आई है। स्कीम 1 अप्रैल 2025 से लागू होगी। इससे 23 लाख केंद्रीय कर्मचारियों को फायदा होगा। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा- भाजपा को अब होश आया है। भाजपा अब अग्निवीर योजना जैसे अपने अन्य फैसले भी जल्द ही वापस लेगी। यह साबित हो गया है कि विपक्ष जो कह रहा था, वह सही था। केंद्र सरकार ही केंद्र के सभी कर्मचारियों का दमन कर रही थी। केंद्र सरकार के कर्मचारियों ने भाजपा के खिलाफ वोट किया। इसी के बाद भाजपा को होश आया है। कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने कहा- जो काम सरकार को पहले ही कर देना चाहिए था, वह अब दबाव में आकर कर रही है। पूरा विपक्ष कह रहा है कि सरकार को पेंशन को लेकर कोई फैसला लेना चाहिए। रिटायर्ड कर्मचारियों को उनके वेतन (रिटायरमेंट से पहले) का 50% नहीं, बल्कि पूरा 100% मिलना चाहिए। आप ऐसे कर्मचारियों के लिए ऐलान कर रहे हैं, जो देश के लिए काम करने के बाद रिटायर्ड होता है। यूपीएस के जरिए भी केंद्र सरकार भ्रम पैदा कर रही है। शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता आनंद दुबे ने कहा- विपक्ष के दबाव के कारण सरकार ने यूपीएस लाई है। इस बार भाजपा सिर्फ 240 सीटें जीती। इसलिए वे सेंट्रल गवर्नमेंट के कर्मचारियों के लिए स्कीम लाए हैं। इस योजना के न्यू पेंशन स्कीम और ओल्ड पेंशन स्कीम से किस तरह अलग होने के सवाल पर पूर्व कैबिनेट सेक्रेटरी टीवी सोमनाथन ने जवाब दिया कि यूपीएस पूरी तरह कॉन्ट्रिब्यूटरी फंडेड स्कीम है यानी इसमें भी कर्मचारियों को एनपीएस की तरह 10% कॉन्ट्रिब्यूट करना पड़ेगा।

## आरोपी संजय का पॉलीग्राफ टेस्ट हुआ

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर से रेप और मर्डर के आरोपी संजय का पॉलीग्राफ टेस्ट हो गया है। सीबीआई और सेंट्रल फॉरेंसिक टीम के मेंबर्स रविवार (25 अगस्त) को प्रेसीडेंसी जेल पहुंचे, यहां संजय बंद है। मेंबर्स ने दोपहर करीब 12:30 बजे से 3:30 बजे तक संजय से सवाल किए।

एक दिन पहले 24 अगस्त को आरजी मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष, 4 फेलो डॉक्टर और एक वॉलंटियर का पॉलीग्राफ टेस्ट किया गया था। सीबीआई ने आज संदीप घोष के घर छापा मारा। एजेंसी ने घोष और उनसे जुड़े लोगों के 15 ठिकानों पर तलाशी ली।

सीबीआई के लगभग 7 अधिकारी सुबह 8 बजे से घोष से उनके बेलियाघाटा आवास पर पूछताछ कर रहे हैं। सीबीआई टीम आज सुबह जब घोष के घर पहुंची तो परिवारवालों ने 1 घंटे 15 मिनट तक दरवाजा ही नहीं खोला था।

आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 9 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर का रेप-मर्डर हुआ था। अस्पताल के सेमिनार हॉल में उनकी बॉडी मिली थी। इस मामले में सिविक वॉलंटियर संजय रॉय को अब तक गिरफ्तार किया गया है।

## पाक में दो बस हादसों में 36 यात्रियों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में रविवार (25 अगस्त) को दो अलग - अलग बस हादसों में 36 लोगों की मौत हो गई। वहीं दोनों हादसों में 36 लोग घायल भी हुए हैं। पाकिस्तानी अखबार डॉन के मुताबिक, कहुटा से रावलपिंडी जा रही बस, ब्रेक फेल होने के कारण खाई में गिर गई। इस बस में 26 यात्री सवार थे, जिनमें से 25 की मौत हो गई है और एक अन्य घायल है। यह दुर्घटना पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में कहुटा आजाद पट्टन रोड़ पर गिरारी ब्रिज पर हुई।

वहीं दूसरा हादसा बलूचिस्तान के मकरान राजमार्ग पर बुज्जी टॉप के पास हुआ। यहां ओवर स्पीडिंग की वजह से एक बस पलट गई। इस हादसे में 11 यात्रियों की मौत हो गई और 35 घायल हुए हैं। बस में 60 यात्री थे, जिनमें से 4 अभी भी फंसे हुए हैं।

## हिजबुल्लाह ने इजराइल पर 320 रॉकेट दागे

**तेल अवीव।** लेबनान से ऑपरेट होने वाले हिजबुल्लाह संगठन ने इजराइल पर 320 रॉकेट से हमला किया है। कतर के मीडिया हाउस अलजजीरा के मुताबिक हिजबुल्लाह ने रविवार को इजराइल के 11 सैन्य ठिकानों पर मिसाइलें और ड्रोन्स फायर किए।

हिजबुल्लाह ने यह हमला अपने टॉप कमांडर फुआद शुक्र की मौत का बदला लेने के लिए किया। दरअसल, इजराइल ने 30 जुलाई को बेरूत में एक एयरस्ट्राइक कर हिजबुल्लाह के टॉप कमांडर को मार गिराया था।

हिजबुल्लाह के हमले के बाद इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने 48 घंटों के लिए इमरजेंसी की घोषणा कर दी। राजधानी तेल अवीव के बेन गुरियन एयरपोर्ट को बंद करते हुए आने-जाने वाली सभी फ्लाइट्स को 90 मिनट के लिए रोक दिया गया। हालांकि बाद में सेवाएं वापस शुरू कर दी गईं। हिजबुल्लाह के हमले के बाद प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कैबिनेट की बैठक बुलाई। उन्होंने कहा कि हम पर हजारों रॉकेट्स से हमला हुआ, जिसे नाकाम कर दिया गया। नेतन्याहू ने कहा, हम देश की सुरक्षा के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। जो हमें नुकसान पहुंचाएगा, हम उसे नुकसान पहुंचाएंगे। दूसरी तरफ अमेरिका ने ओमान की खाड़ी में मौजूद अपने दो एयरक्राफ्ट कैरियर और युद्धपोतों को इजराइली सीमा के नजदीक तैनात कर दिया है। वहीं अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने अमेरिकी पनडुब्बी जॉर्जिया को इलाके में तैनाती के लिए भेज दिया है। हिजबुल्लाह के हमले के बाद इजराइल ने लेबनान में उसके ठिकाने पर जवाबी कार्रवाई की है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, इजराइली डिफेंस फोर्स ने 100 फाइटर जेट्स से हिजबुल्लाह की रॉकेट लॉन्चिंग साइट्स पर अटैक किया।

## शिवराज के गढ़ बुधनी में जीतू पटवारी की टिफिन पार्टी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह के गढ़ बुधनी विधानसभा में होने वाले उच्च चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी चुनाव की तारीख घोषणा से पहले तैयारी में जुटे हुए बुधनीय क्षेत्र में लगातार कार्यकर्ताओं के साथ भी टिफ़िन पार्टी भी कर रहे हैं। और इस दौरान कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र भी दे रहे हैं। जीतू पटवारी रविवार को विधानसभा क्षेत्र बुधनी के शाहगंज और बकतरा में कांग्रेस कार्यकर्ता समागम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को घर से नजर आए उन्होंने कहा कि 20 साल मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान ने बुधनी में कोई विकास नहीं किया।



पटवारी ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

पीसीसी चीफ ने कहा कि यह बुधनी विधानसभा सीट पूर्व से ही कांग्रेस की सीट है। बीच में शिवराज सिंह चौहान के मुख्यमंत्री बनने के बाद हो सकता है के वोटरों का झुकाव उनकी तरफ हो गया था लेकिन अब वह मुख्यमंत्री नहीं है तो हमें हमारी सीट फिर से चाहिए। जीतू पटवारी ने आगे कहा कि जीतने के लिए जितने भी जरूरी कदम हमें उठाने पड़ेंगे वह सारे जरूरी कदम हम उठाएं लेकिन हर हाल में बुधनी विधानसभा सीट को कांग्रेस पार्टी की झोली में जीत कर डालेंगे। आगे कहा कि पुरानी बाते भूल जाए और जो आने वाला है उस पर ध्यान केंद्रित करे ।गौरतलब है कि प्रदेश में उपचुनाव को लेकर तैयारी तेज हो गई है।

### पटवारी ने 100 से अधिक व्यंजनों का उठाया लुफ्त

जीतू पटवारी शाहगंज और बकतरा में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता समागम में शामिल हुए, जहां उन्होंने मंडलम सेक्टर एवं बूथ प्रभारियों, कांग्रेस कमेटियों के पदाधिकारी एवं कांग्रेसजनों कि संगठनात्मक बैठक ली। पटवारी ने इस दौरान कांग्रेस जनों के साथ एक साथ बैठकर टिफ़िन पार्टी की और करीब 100 से अधिक व्यंजनों का लुफ्त उठाया। उन्होने कहा कि यहां के लोगों के साथ उनके प्रेम और स्नेह को देखकर में अभिभूत हुआ हूं। पटवारी ने कहा कि 20 साल मुख्यमंत्री रहने के बाद भी शिवराज सिंह चौहान ने क्षेत्र की जनता को कोई सौगात नहीं दी और ना ही कोई विकास किया आज भी यहां की सड़क गड्ढों में तब्दील है। मजदूर, गरीब तबका परेशानियों से जूझ रहा है। आने वाले समय में बुधनी में उपचुनाव होना है कांग्रेस पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता बुधनी के विकास के लिए तत्पर है और यहां की जनता से अपील करता हूं कि वह इस बार कांग्रेस पार्टी को चुने और बुधनी के रुके हुए विकास पूरे कराए। पटवारी इंदौर के लिए रवाना हुए और राऊ विधानसभा क्षेत्र में आयोजित रक्षाबंधन महोत्सव कार्यक्रम रजवाणी ढाणी, नखराली ढाणी में शामिल होने इंदौर रवाना हुए।

# ट्रेलर चालक ने बाइक सवार को रौंदा, हादसे में बाइक सवार की मौत, पीछे बैठी महिला हुई घायल

## मुआवजे की मांग को लेकर घंटों अड़े रहे ग्रामीण

**सिंगरौली।** रविवार को मोरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत चटका के समीप एक दर्दनाक हादसा पेश आया, जहां ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक पर पीछे बैठी महिला इस दुर्घटना में घायल हो गई, जिसका इलाज जारी है।

प्राप्त जानकारी अनुसार रविवार दोपहर करीब 1:30 बजे पिडताली निवासी राजनाथ सिंह पिता रामप्यारे सिंह उम्र 30 वर्ष अपनी भाभी पिपली देवी पति शिवनाथ सिंह गोड़ को अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 53बीए 8818 से मोरवा साप्ताहिक बाजार में सब्जी लेने आ रहा था। जैसे ही वह सिंगरौली ऑडी मुख्य मार्ग पर चढ़ा की विपरीत दिशा से आ रहे ट्रेलर क्रमांक एचआर 74बी 6416 की चपेट में आ गया। इस घटना में बाइक चालक राजनाथ सिंह की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वही पीछे बैठी महिला पिपली देवी अचेत होकर बीच सड़क पर पड़ी रही। घटना के तुरंत बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर जाम लगाते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। इधर दुर्घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी कृष्ण कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में मोरवा निरीक्षक



कपूर त्रिपाठी सदल बल घटना स्थल पहुंचकर लोगों को समझने में जुटे रहे। इसके साथ ही एक तरफ से मार्ग खुलवाकर यातायात शुरू कराया।

### मुआवजे की मांग को लेकर घंटों चला प्रदर्शन

रविवार साप्ताहिक बाजार के दिन गांव से सटे मुख्य मार्ग पर हुई इस दुर्घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों समेत स्थानीय लोगों का जमावड़ा लग गया। जिनके द्वारा मुआवजे की मांग को लेकर करीब 3 घंटे तक प्रदर्शन चलता रहा।

### मोरवा निरीक्षक ने संभाला मोर्चा

मोरवा निरीक्षक कपूर त्रिपाठी घटना के तुरंत बाद घटनास्थल पर पहुंच गए थे। जिनके द्वारा ट्रेलर चालक ताहिर खान पिता हबीब खान को ट्रेलर समेत हिरासत में लेते हुए थाने में खड़ा कर दिया गया। वहीं मृतकों के परिजनों समेत ग्रामीणों को समझाने में जुटे रहे। इसके अलावा नगर निगम के स्थानीय पार्षद शेखर सिंह, परमेश्वर पटेल व आशीष गुप्ता ने भी घटनास्थल पहुंचकर लोगों को समझाते हुए परिजनों को ढाढस बंधाया।

### चार लाख के मुआवजे के बाद खत्म हुआ प्रदर्शन

इस घटना के बाद शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाते हुए वहां पहुंचे तहसीलदार रमेश कल एवं पटवारी गोविंद चौरसिया ने प्रशासन की तरफ से चार लाख की सहायता राशि का चेक प्रदान किया। इसके बाद प्रदर्शन खत्म करते हुए शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया जा सका।

# शासकीय उचित मूल्य दुकानों से संलग्न सभी उपभोक्ता को ई-केवाईसी कराना होगा जरूरी

**सिंगरौली।** जिला आपूर्ति अधिकारी पीसी चंद्रवंशी ने बताया की सार्वजनिक वितरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शासन के आदेश के परिपालन में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के पात्रता पर्ची धारक सभी सदस्यों का ई-केवाईसी पीओएस मशीन पर कराया जाना आवश्यक है।सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत शासकीय उचित मूल्य दुकान से खाद्यान्न प्राप्त करने वाले सभी पात्र उपभोक्ता घर के सभी सदस्यों का ई-केवाईसी संबंधित शासकीय उचित मूल्य दुकान से ही कराना अनिवार्य है।उन्होंने बताया की ऐसा न करने से हितग्राहियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इसके लिए परिवार के सभी सदस्यों को आधार कार्ड की फोटोकॉपी लेकर शासकीय उचित मूल्य दुकान पर जाना है।दुकान पर उपलब्ध पीओएस मशीन में संबंधित विक्रेता सदस्यों के आधार नंबर अंकित कर सदस्यों का अंगूठा लगाकर सत्यापित करेगा। यह प्रकिया केवल एक बार ही होना है।यदि उपभोक्ता सभी सदस्यों के आधार अपडेट नहीं कराएंगे तो आगामी महीनों में उपभोक्ता के खाद्यान्न सामग्री प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है।

# महिलाओं ने संतानों की दीर्घायु एवं सुख-समृद्धि के लिए विधि विधान पूर्वक की पूजा-अर्चना





## व्रत के साथ मोहल्ले और गांव की महिलाओं ने समूह बनाकर तालाब, पोखरा, कुएं व मंदिरों के पास कुश गाड़कर विधिवत पूजा अर्चना की

**सिंगरौली**

ऊर्जाधानी में आज दिन रविवार की सुबह 10-11 मिनट तक हल छठ का त्योहार श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाया गया है। इस दौरान महिलाओं ने एक-एक कर छठ माता के महात्म्य की कहानी सुनाई। महिलाओं ने पुत्रों के लिए व्रत रख कर उनकी दीर्घायु और संपन्नता की कामना की। जगह-जगह महिलाओं ने समूह में इकट्ठा होकर विधिवत पूजा अर्चना की। जिले के बैढ़न, चितरंगी, देवसर, माड़ा, सरई समेत पूरे अंचल में शहर से लेकर ग्रामीण तक रविवार को ललही छठ पर्व पर मोहल्ले और गांव की महिलाओं ने समूह बनाकर तालाब, पोखरा, कुएं व मंदिरों के पास कुश गाड़कर विधिवत पूजा अर्चना की। समूह में महिलाओं ने एक-एक कर छठ माता के महात्म्य की कहानी सुनाई। यह पर्व जिले में श्रद्धा के साथ मनाया गया।

### महिलाओं ने की पुत्रों की दीर्घायु की कामना

पुत्र की दीर्घायु की कामना से हलषष्ठी ललही छठ का व्रत, पूजन एवं कथा श्रवण शिवधाम मंदिर बैढ़न में मंदिर के महाप्रबंधक ज्योतिषविद् पंडित डॉ. एनपी मिश्र महाप्रबंधक शिवधाम मंदिर के सानिध्य में अनेकानेक व्रती महिलाएं पूजन किया एवं पुण्य लाभ अर्जित किया । भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को हरछठ का त्योहार मनाते हैं। इसे बलदेव छठ, ललही छठ व चंदन छठ अन्य नामों से जानते हैं। मान्यता है कि इस दिन भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम का जन्म हुआ था। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण के साथ बलराम जी की पूजा अर्चना की जाती है। मान्यता है कि इस व्रत के पुण्य प्रभाव से संतान को लंबी आयु की प्राप्ति होती है।

# 6 माह से फरार स्थाई वारण्टी को नवानगर पुलिस ने किया गिरफ्तार

## पुलिस द्वारा लगातार की जा रही फरार स्थाई वारंटियों के खिलाफ कार्यवाही

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के कुशल निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में, नगर पुलिस अधीक्षक पीएस परस्ते विन्ध्यगर की सतत् निगरानी में थाना प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं उनकी टीम को कामयाबी मिली।

माननीय न्यायालय आत्माराम टांक चतुर्थ जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिंगरौली के न्यायालय के एससीइएलई 1058/15 धारा 135 वि.अधि. शासन विरुध्द छोटेलाल शाह पिता शोभनाथ शाह उम्र 60 वर्ष ग्राम घोरौली कला थाना नवानगर जिला सिंगरौली काफी समय से फरार चल रहा था। जिसे मुखबिर की सूचना पर आज शुक्रवार को वारन्टी के घर घोरौली कला से गिरफ्तार किया गया। जिसे माननीय न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिह, सउनि पिन्टू राय, सउनि अरविन्द चतुर्वेदी, प्रआर जगदीश प्रसाद तिवारी का सराहनीय योगदान रहा।

# लम्बे अरसे से फरार चल रहे वारंटी को निवास पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता सिंगरौली के कुशल निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में तथा राहुल कुमार सैयाम एसडीओपी देवसर के पर्यवेक्षण में पुलिस चौकी निवास ने गिरफ्तार किया है।

जानकारी मे बताया गया कि 25 अगस्त को पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि पुलिस को जिस वारंटी की तलास है वह हर्दी तिराहे में खड़ा है सूचना की तस्दीक् हेतु पहुँचे तो हर्दी तिराहे में वारंटी आनंद उर्फ् रवी उर्फ् छोटका साहू पिता रामदास साहू निवासी निवास का मिला जिसे मौके से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय देवसर के समक्ष प्रस्तुत किया है। उक्त कार्यवाही मे उनि प्रियंका सिह, सउनि त्रिवेणी पाल आर. प्रभात दुबे ,आर. प्रवीण पाण्डेय,आर अमित कुमार आदि के महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पुलिस की नशे के विरुद्ध कार्यवाही, अवैध गांजा के साथ दो आरोपी पकड़ाये

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता सिंगरौली के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा, जिला सिंगरौली व आशीष जैन अनुविभागीय अधिकारी चितरंगी के मार्गदर्शन में थाना गढवा प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पटेल के द्वारा पुलिस टीम गठित कर अवैध मादक पदार्थ गांजा की कार्यवाही करवाई की गई। जिसमें गढ़वा पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री हेतु ले जाते पाये जाने पर 02 आरोपियों को पकड़ा गया।




गढ़वा पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति एक पैशन प्रो मोटर सायकल एमपी 66 ए 3359 से ग्राम सुदा से चितरंगी के रास्ते अवैध मादक पदार्थ गांजा लिये बिक्री करने हेतु केकराई तरफ जा रहें हैं। सूचना की तस्दीक करने हेतु थाना प्रभारी गढवा द्वारा गठित पुलिस टीम को मुखबिर के बताये स्थान पर रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर घेराबंदी कर आरोपी छोटेलाल साकेत पिता गिरजा प्रसाद साकेत उम्र 25 वर्ष निवासी केकराई थाना गढ़वा जिला सिंगरौली, नंदकुमार साकेत पिता पप्पू साकेत उम्र 23 वर्ष निवासी केकराई थाना गढवा जिला सिंगरौली (म.प्र.) के कब्जे से 493 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 7000 रूप्ये की जप्त की गई। आरोपियों का यह कृत्य धारा 8/20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने से आरोपी छोटेलाल साकेत, नंदकुमार साकेत के विरूद्ध थाना गढ़वा में अपराध क्र. 330/24 धारा 8/20 (ख) एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक अनिल कुमार पटेल, सउनि रामचरण सतनामी, सउनि शिवाकांत बागरी, आर. अजीत उपाध्याय, रमेश यादव, अमित यादव, की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अनिल कुमार जदली ने एनटीपीसी के निदेशक का कार्यभार संभाला

**सिंगरौली।** अनिल कुमार जदली ने 23 अगस्त 2024 को एनटीपीसी के निदेशक (मानव संसाधन) का कार्यभार संभाला है। उन्होंने 1993 में एक कार्यकारी प्रशिक्षु के रूप में एनटीपीसी में अपना करियर शुरू किया था। एक कार्यकारी प्रशिक्षु के रूप में अपनी साधारण शुरुआत से एनटीपीसी में मानव संसाधन कार्य के शीर्ष पद तक उनका पहुंचना उनके जुनून, प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत को



दर्शाता है।उन्होंने गढ़वाल विश्वविद्यालय से ऑर्गेनिक केमिस्ट्री में स्नातकोत्तर किया, तथा एमडीआई, गुड़गांव से मानव संसाधन प्रबंधन के व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा किया है। उन्होंने ईएससीपी-ईएपी (पेरिस, बर्लिन और ट्यूरिन) से प्रबंधन और नेतृत्व का प्रशिक्षण इनपुट भी प्राप्त किया है।उनका लाइन और मानव संसाधन दोनों कार्यों को शामिल करते हुए तीन दशकों से अधिक का शानदार करियर रहा है। लगभग एक दशक तक लाइन फंक्शन में काम करने के बाद, उन्होंने 2004 में एचआर फंक्शन में काम करना शुरू कर दिया था। 2004 के बाद से, उन्होंने मानव संसाधन प्रमुख सहित विभिन्न पदों पर एनटीपीसी की विभिन्न परियोजनाओं में मानव संसाधन के विभिन्न पहलुओं की देखभाल की। वह वर्ष 2020 में कॉर्पोरेट एचआर में चले गए, जहां उन्होंने विभिन्न मानव संसाधन रणनीतियों और पहलों के निर्माण और कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह पीएलएफ से पहले जन दर्शन में दृढ़ विश्वास रखते हैं। अनिल कुमार जदली के समृद्ध और विविध अनुभव के साथ, एनटीपीसी में मानव संसाधन आने वाले दिनों में नई उपलब्धियां हासिल करेगी।

# खेल से एकाग्रता बढ़ती है : डॉ सुशील

**सिंगरौली।** जब खिलाड़ी खेल के मैदान मे उतरता है तो विजय हासिल करने के लिये उसके दिमाग की एकाग्रता बढ़ जाती है।समूह खेल-कूद के खिलाड़ियों मे टीम भावना होती है जो संगठित होने का भाव जगाती है।एक अच्छा खिलाड़ी कभी अपने जीवन में हार नही मानता।वह हार-जीत के लिये नही खेलता वह अपना और अपने टीम के अच्छे प्रदर्शन के लिये खेलता



है।कभी-कभी तो हारने वाले खिलाड़ी जीतने वाले से अधिक प्रशंसा के पात्र होते है।खिलाडियों को हमेशा टीम भावना से खेलना चाहिए।यह उदबोधन डॉ सुशील सिंह ने सरस्वती शिशु मंदिर वैढन के रोशन लाल सक्सेना सभागार मे आयोजित विभाग स्तरीय समूह खेल-कुद प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र मे मुख्य अतिथि की आसन्दी से कहा। सरस्वती शिशु मंदिर वैढन (बिलौजी) में दो दिवसीय समूह खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।23 अगस्त को बालको की खो-खो एवं कबड्डी की और 24अगस्त को बालिकाओं की प्रतियोगिता है।इसके विजेता प्रान्त की प्रतियोगिता हेतु चयनित होंगे।

# डरा धमका कर विवाहिता से दुष्कर्म का आरोपी मझौली से गिरफ्तार

## आरोपी ने विवाहिता से कई बार किया था दुराचार, बरगवां पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किया था मामला

**सिंगरौली**

पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन व एसडीओपी कृष्ण कुमार पाण्डेय के सतत निगरानी में निरीक्षक कपूर त्रिपाठी व उनकी टीम द्वारा डरा घमका कर अवैध संबंध बनाने एवं जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी नारायण प्रसाद बैस को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है। जानकारी अनुसार बरगवां थानान्तर्गत ग्राम उज्जैनी निवासी 20 वर्षीय फरियादिया द्वारा बरगवां थाने में 23 अगस्त को दिए गये लिखित तहरीर पर अवलोकन के पश्चात बरगवां निरीक्षक शिवपूजन मिश्रा ने नारायण प्रसाद बैस एवं मिथिलेश वैस दोनों निवासी मझौली थाना बरगवां के विरुद्ध अपराध धारा 376 (1), 506 भा.द.वि., 64 (2)(ड), 351(3), 140(3) बी.एन.एस., 3(2)(1), 3(1) (डब्ल्यू) एस.सी./एस.टी. एक्ट का घटित करना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। फरियादिया ने अपने तहरीर में बताया था कि उसकी शादी प्रिंस कोल निवासी नगवा थाना माडा के साथ 12 जुलाई को हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार हुई थी, जिसके बाद वह अपने ससुराल में रह रही थी। इससे पूर्व करीब 02 साल पहले ग्राम मझौली में उसकी मां ने नारायण प्रसाद वैस के बडे पिता के यहां किराये से दुकाने ली थी तथा वह अपनी मां के साथ वही पर रहती थी। इसी दौरान उसकी पहचान नारायण प्रसाद वैस से हो गई थी। बीते 11 फरवरी की दोपहर नारायण प्रसाद बैस ने उसके आवास पर जबरन धमकाते हुए उसके साथ दुराचार किया। इस घटना को भूलकर किसी तरह पीड़िता ने शादी की। जिसके बाद 27 जुलाई को आरोपी उसके ससुराल के बाहर आ धमका और आत्महत्या की धमकी देने लगा। डर के कारण पीड़िता घर से बाहर निकली तब उन्होंने उसे बैठाकर बैढन स्थित पचखोरा में नारायण प्रसाद वैस के किराये के मकान में ले जाकर उसके साथ दो दिनों तक दुष्कर्म को अंजाम दिया। इतना ही नहीं इसके बाद आरोपी ने उससे दूसरी शादी कराने दुधमनिया लेकर गया था। उसके साथ उसके अन्य लोग भी गए थे परंतु शादी के बाद आरोपी के पिता ने उसे घर में रखने से इनकार कर दिया। इसके बाद वह पुन: अपने ससुराल नगवा चली गई। और आप बीती बताने पर ससुराल वालों के साथ वर्मा थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध बलात्कार समेत एससी एसटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत के मामला दर्ज किया था। जिसमें आज आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है।उक्त कार्यवाही में मोरवा थाना प्रभारी निरीक्षक कपूर त्रिपाठी, उपनिरीक्षक आराधना तिवारी रामजी त्रिपाठी, सहायक उपनिरीक्षक अजीत सिंह, प्रधान आरक्षक अनूप सिंह, अरुणेंद्र सिंह की अहम भूमिका रही।

# पुलिस नाइट कॉम्बिंग गस्त में 275 आरोपियों पर पुलिस की कार्यवाही

## पुलिस अधीक्षक ने जिले में कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए कराया औचक गश्त

**सिंगरौली।** मध्यरात्रि को 300 से अधिक पुलिस कर्मियों की अलग अलग टीमों ने नाइट कॉम्बिग गश्त के दौरान गिरफ्तारी वारंटी, फरारी वारंटी, स्थाई वारंटी, इनामी बदमाशों, जिला बदर व इनामी/गुण्डा/निगरानी बदमाश के साथ अन्य अपराधों में फरार आरोपियों की धरपकड़ करते हुए 275 आरोपियों पर कार्रवाई की है।

सिंगरौली जिले में पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के नेतृत्व में एवं अनुभाग के समस्त राजपत्रित अधिकारियों (पुलिस) के मार्गदर्शन में 300 से अधिक



पुलिस अधिकारी-कर्मचारियो की अलग अलग टीमें बनाकर एवं उन्हे ब्रीफ कर नाइट कॉम्बिंग गस्त की। रात भर चली इस कार्यवाहीं में लगभग 6 घण्टे में 123 गिरफ्तारी वारंटी आरोपी गिरफ्तार किए हैं। 26 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। 64 निगरानी बदमाश, 53 गुण्डा बदमाश को चेक किया गया तथा 7 आबकारी एक्ट के प्रकरण पंजीबद्ध कर शराब जब्त की गई। एवं अन्य 02 अपराधो के आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान शहर एवं कस्बों में एटीएम एवं बैंकों की सुरक्षा में लगाए गए उपकरण एवं सुरक्षा गार्डों को भी चेक किया गया। रात्रि कॉम्बिग गस्त के दौरान जिले के राजपत्रित अधिकारी एवं थाना/चौकी प्रभारीगणों नें पेट्रोलिंग कर प्रमुख चौक-चौराहों पर आने जाने वालों से पूछताछ की गई। इस दौरान बेवजह घूमते पाये गये युवकों को पुलिस अधिकारियों ने समझाईश दिया गया, वही परिवारजन के साथ सफर कर रहे व्यक्त्यिों को कोई दिक्कत ना हो उसका भी ध्यान रखा गया। यह कार्यवाही पूरे जिले में एक साथ की गई।

# कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता : सूर्य प्रकाश

## रविवार को मशहूर फिल्म गोरखा का प्रदर्शन किया गया

### अपना काम ईमानदारी से करना चाहिए : नीरज



**सीधी।** इंद्रवती नाट्य समिति, यूसीएन मास पब्लिक स्कूल, ट्रांसफ्रेम और आर्ट ऑन क्लिक के सहयोग से हर रविवार लोगो को ज्ञानवर्धक और मनोरंजन से ओत-प्रोत फिल्में लगातार दिखाई जाती है। बच्चों के उत्साह को देखते हुए और साथ युवाओं की सहभागिता रहती है। इस रविवार 2019 की भारतीय तमिल भाषा की एक एक्शन कॉमेडी की मशहूर फिल्म गोरखा का प्रदर्शन किया गया।

जिसे सैम एंटोन ने लिखा और निर्देषित किया है। फिलम में योगी बाबू मुख्य भूमिका में है। संगीत राज आर्यन द्वारा रचित है। मुख्य फोटोग्राफी दिसंबर 2018 के आसपास शुरू हुई और फिल्म 12 जुलाई 2019 को रिलीज हुई।

बहादुर बाबू गोरखा परिवार से ताल्लुक रखते थे, जो शुरू में पुलिस बनने का इरादा रखते थे, लेकिन दुर्भागय से, उन्हें अस्वीकार कर दिया जाता है क्योंकि उन्हें अयोग्य करार दिया जाता है और वे शारीरिक फिटनेस परीक्षण पास करने में असमर्थ होते हैं। वह शक्तिमान सुरक्षा सेवा नामक एक सुरक्षा एजेंसी में शामिल हो जाता है, जिसका मालिक कवारिमन है। बाद में फिल्म में, उसे एक मॉल में सुरक्षा अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाता है। अन्य पात्र, जिनकी फिल्म में समानांतर कहानी है। त्यागू के नेतृत्व में पूर्व सैनिकों का एक गरोह है, जो किनारे पर एक व्यापक असामाजिक योजना बनाता है और अंतत: उस मॉल पर कब्जा कर लेता है जहाँ बहादुर बाबू काम करता है। योजना के आधार पर, मुफ्त टिकट और शॉपिंग वाउचर पाने के झूठे बहाने के तहत फिल्मों में जाने के लिए फुसलाए गए लोगों, जिसमें बहादुर बाबू की प्रेमिका मार्गरेट भी शामिल है, को बंधक बना लिया जाता है। अंत में, लोगों को बचाने और असली नायक बनने की जिम्मेदारी बहादुर बाबू पर आती है।

बच्चो को परिचर्चा के दौरान यह बताया गया कि हमें कोई भी काम छोटा या बड़ा समझ कर नहीं करना चाहिए, बाबू गोरखा को छोटा समझ कर अस्वीकार किया गया लेकिन वह पूरा ईमानदारी से सभी को बचाया साथ ही कोई भी काम हो उसे पूरी ईमानदारी से करना चाहिए। अंत में बच्चो ने भी अपनी राय रखी हम सभी को ईमानदारी से पढ़ाई करनी चाहिए, तभी समाज हमें स्वीकार करेगा।

## कीट नियंत्रण की जानकारी हेतु एनपीएसएस एप डाउनलोड करें

**सीधी।** उप संचालक कृषि द्वारा कीट नियंत्रण के लिए कृषक एन.पी.एस.एस. (राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली) एप डाउनलोड करने की अपील की गई है। किसान भाई अपने स्मार्ट मोबाईल पर गूगल प्ले स्टोर से एन.पी.एस.एस. (राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली) का एप डाउनलोड कर अपनी फसल में लगे कीटों की पहचान एवं उनके नियंत्रण के लिए उपयोग किये जाने वाली कीटनाशी एवं अन्य विधियों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

जिले के सभी किसान इस एप से फसल में लग रहे कीट की प्रजातियां एवं उनकी रोकथाम की सलाह उनके मोबाईल पर नि:शुल्क विशेषज्ञों द्वारा मिल सकती है।

जिले के सभी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, बी.टी.एम. 'आत्मा' एवं मैदानी अमला कृषि विस्तार अधिकारी को इस एप के प्रचार-प्रसार करने एवं अधिक से अधिक किसानों को इसकी जानकारी देकर एप डाउनलोड कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

# लखपति दीदी सम्मेलन सह लखपति दीदियों का अभिनंदन कार्यक्रम संपन्न



**सीधी।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्राइम इंडस्ट्रियल पार्क जलगांव एयरपोर्ट के पास जलगांव महाराष्ट्र से लखपति सम्मेलन सह अभिनंदन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विकासखण्ड सिहावल अन्तर्गत क्रमश: महाशक्ति संकुल, नवसृजन संकुल, पार्वती संकुल, मां रानीकुमारी संकुल एवं उजाला संकुल स्तरीय संगठन अन्तर्गत गठित 193 ग्राम संगठनों एवं 2332 स्वयं सहायता समूह सदस्यों ने देखा व सुना। इसी क्रम में लखपति दीदी के सम्मान पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। विकासखण्ड अन्तर्गत 8447 परिवार को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें 1275 लखपति दीदी को आज सम्मानित किया गया एवं 45 लखपति सीआरपी को सम्मानित किया गया।

उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीमती प्रभा सिंह, श्रीमती फूलकुमारी, श्रीमती रामकली सिंह, श्रीमती उषा तिवारी इत्यादि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जिले में औसत वर्षा 934.0 मि.मी. दर्ज, रामपुर नैकिन में सर्वाधिक वर्षा

**सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 25 अगस्त को सीधी जिले में 19.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 43.0 मि.मी., चुरहट में 24.0 मि.मी., गोपद बनास में 21.2 मि.मी., सिहावल में 5.6 मि.मी., बहरी में 11.4 मि.मी., मझौली में 17.0 मि.मी. और कुसमी में 14.0 मि.मी. वर्षा हुई है।

उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 934.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 25 अगस्त तक तहसील रामपुर नैकिन में सर्वाधिक वर्षा 1181.1 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील चुरहट में 753.2, गोपद बनास में 1044.2, सिहावल में 851.4, बहरी में 811.0, मझौली में 863.0 और कुसमी में 1034.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 535.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 398.3 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# ग्राम पड़खुरी नंबर 2 में गौशाला की समस्या से रूबरू हुए संजय



**सीधी।** सीधी विधानसभा के ग्राम पड़खुरी नंबर 2 में समाजसेवी और पूर्व भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री संजय सोनी के भ्रमण के दौरान उक्त पंचायत में बने गौशाला में गौ माताओं के भोजन और रहन सहन संबंधित समस्याएं और गौशाला में गायों की मृत्यु हो जाने पर सही समय पर मृत गाय को न दफनाए जाने के कारण ग्रामीण जनों में दुर्गंध के कारण संक्रमण की बीमारी जैसी हालातो और कई ऐसे मुद्दे पर जनता की समस्या से रूबरू हुए और जनता की समस्या को सुने और उक्त समस्या के बारे में गांव के संबंधित सरपंच सचिव से बात कर मामले को अवगत कराकर मामले को सुलझाने का प्रयास किया साथ ही गौशाला के व्यवस्थापक राजकरण जैसवाल ने गौशाला के कार्यकर्ताओं के पेमेंट में देरी की समस्या और गाय के बूसाघर में पानी चुने की समस्या बताए उक्त समस्या के बारे में सरपंच से बात करने पर सरपंच ने बताए की मेरे पंचायत से गौशाला के समूह के कर्मचारियों का पेमेंट बराबर समय पर होता है। श्री सोनी ने बताया की उक्त समस्याओं को सुनकर मैने ग्रामीणों को आश्वासन दिया हूं कि संबंधित विभाग से बात करके आपकी समस्या का जल्द से जल्द निराकरण करने की कोशिश करूंगा और उपस्थित ग्रामीण जनता जनार्दन से आग्रह भी किया हूं कि आप सब लोगों को ग्रामीण संबंधी समस्याओं के लिए माननीय विधायक श्रीमती रीती पाठक और माननीय सांसद महोदय डॉ राजेश मिश्रा से भी संपर्क करना करने की अपील किया हूं।

इस मौके पर पवन विश्वकर्मा, गौशाला के व्यवस्थापक राजकरण जयसवाल, मुकेश साकेत राजीव साकेत, सागर साकेत रमेश साकेत, श्रीमती मंजू साकेत और श्रीमती सविता साकेत (गौशाला कार्यकर्ता) जीवन बंसल, हिंछा बंसल सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# जंगल की बालू मिट्टी में उगता है पूटू फल, दूर करता है पेट की बीमारियां



**सीधी।** जिले के कुसमी और मझौली के जंगलों की बालू मिट्टी में उगने वाला पूटू आदिवासियों की आर्थिक सेहत के साथ ही भोपाल के लोगों की तबीयत यानी पेट विकार जैसी समस्याओं को भी दूर कर रहा है। सब्जी के रूप में पकाकर खाए जाने वाले पूटू एक तरह से मशरूम जैसा दिखने वाला होता है। विशेषज्ञों का दावा है कि बारिश के दिनों में साल और सागौन के घने जंगलों की मिट्टी से निकलने वाला पूटू कैंसर जैसी बीमारियों से दूर रखने में भी मदद करता है।

**आदिवासी पकाकर खाते हैं यह फल**

कृषि वैज्ञानिक धनंजय सिंह बताते हैं कि बारिश के मौसम में पूटू प्राकृतिक रूप से पककर तैयार हो जाता है। मिट्टी में लिपटा यह फल सामान्य तौर पर आदिवासी पकाकर खाते हैं। यह औषधीय गुणों से भरपूर होता है। अब ज्यादा मात्रा में निकाला जाता है तो इसे सीधी जिला मुख्यालय लाने के बाद ट्रेन में बैठकर राजधानी भोपाल पहुंच जाते हैं। यहां 150 से 250 रुपये तक बिकने वाला पूटू भोपाल पहुंचकर कभी-कभी एक हजार रुपये किलो तक भी बिक जाता है। लोगों को पूटू के पहुंचने का इंतजार रहता है। खास बात यह है कि यह फल बिना उगाए प्रकृति देती है।

**उमस और वर्षा की गर्जना से पकता है पूटू**

रामकली बैगा ने बताया गया कि यह पूटू मशरूम प्रजाति की तरह होती है जो रेतीली जमीन में उमस व वर्षा में गर्जना से निकलता है।

इसे जमीन से खोद कर निकालते हैं और इसकी मसाले वाली सब्जी बनाते हैं। यह बाजार में बिकने वाली सब्जी से एक बेहतर विकल्प है।

इसके साथ ही जंगल में पड़ोरा, परवल, पिहरी भी मिलते हैं। यह हमें भरपूर प्रोटीन, विटामिन देते हैं।

स्थानीय स्तर पर बेचने पर 150 से 200 रुपये किलो मिल जाते हैं। इतना ही नहीं भोपाल और सिंगरौली जिले से व्यापारी खरीद कर ले जाते हैं।

शिवकली भूर्तिया कहती हैं कि गर्मी के बाद जब बा?रिश शुरू होती है। हम अपने परिवार के साथ जंगल में जाकर जमीन से पूटू निकालते हैं।

उनके अनुसार इसके खाने से शरीर की कमजोरी दूर होती है। वहीं हम आर्थिक रूप से मजबूत होते हैं।

*प्रकृति बिना उगाए यह फल देती है। यह फल बारिश के मौसम में पककर तैयार हो जाता है। यह फल औषधीय गुणों से युक्त होता है।*

**- धनंजय सिंह, कृषि वैज्ञानिक**

**बांट लेते हैं जंगल की जगह**

शिवबहोर बैगा बताते हैं कि पूटू को इकट्ठा करने के लिए घर के आसपास के जंगल की जगह को बांट लेते हैं। ताकि उसकी रखवाली कर सकें। दरअसल, शाकाहारी वन्यप्राणी भी इसे खाना पसंद करते हैं, इसलिए इसकी रखवाली भी करनी पड़ती है।

# अचेत अवस्था में मिला युवक, अस्पताल में मौत

सीधी

सीधी में युवक की बेरहमी से पीट-पीट कर हत्या की गई है। युवक के दोनों हाथ तोड़ दिए गए, लाठी और डंडे से पीटकर पैरों की कटोरियां तोड़ दी गईं, पंजे तोड़ दिए गए हैं। मरणासन्न अवस्था में उसे स्कूल के पास बुधवार की सुबह 4 बजे फेंक दिया गया था। जाम लगा युवक की हत्या से आक्रोशित स?वजन ने पुलिस प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि हत्यारे को तत्काल गिरफ्तार कर घर पर बुल्डोजर चलवाया जाए।

कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच कर तत्काल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले आई जहां हालत गंभीर होने पर उसे संजय गांधी अस्पताल रीवा में गंभीर हालत के कारण रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान गुरुवार को उसकी मौत हो गई।

उपचार के दौरान संजय गांधी अस्पताल रीवा में युवक की मौत हो जाने की जानकारी मिलती ही गुस्साए स्वजन ने रीवा सीधी सड़क मार्ग को जाम लगाया। डीएसपी गायत्री तिवारी से स्वजन ने हत्यारों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग करते हुए धरने पर डटे रहे।

युवक की हत्या से आक्रोशित स?वजन ने पुलिस प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि जिसने भी हत्या की है उसे तत्काल गिरफ्तार किया जाए और घर पर बुल्डोजर चलवाया जाए। डीएसपी एवं कोतवाली थाना प्रभारी तथा जमोड़ी थाना प्रभारी की समझाइश के बाद लोगों ने जाम समाप्त कर दिया।

आशीष मौर्य की मौत की खबर मिलते ही स्वजन सहित स्थानीय लोगों ने राष्ट्रीय राज मार्ग 39 में चक्काजाम कर दिया। जिसके चलते इस दौरान आने जाने वाले लोगों को काफी दिक्कत झेलनी पड़ी।

आशीष मौर्य के पिता नंदू मौर्य ने बताया है कि मरणासन्न अवस्था में उसे स्कूल के पास बुधवार की सुबह 4 बजे फेंक दिया गया था। जहां लोगों को सुबह जानकारी लगी तो उन्होंने हमें सूचना दी और हम जिला अस्पताल ले गए जहां से रीवा के लिए रेफर कर दिया गया था। हत्यारों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए एवं आरोपियों के घर जमीदोज किया जाए।

नगर पालिका परिषद सीधी के वार्ड नं आठ निवासी आशीष कोरी की मृत्यु उपरान्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देशन में अंत्येष्टि सहायता राशि र 5000 मां राम कली कोरी को दी। इस सहायता राशि राजस्व विभाग से सत्मन्नु विश्वकर्मा पटवारी, नगर पालिका से अशोक शर्मा एवं अमित सिंह की मौजूदगी में दी गई है।

# एनएसयूआई ने शुरू किया कैंपस चलो अभियान

**सीधी।** एनएसयूआई सीधी द्वारा कैंपस चलो अभियान की शुरुआत करते हुए सीधी के प्रभारी रवि सुमित सिंह एवं अदनान अंसारी की विशेष उपस्थिति में जिला अध्यक्ष सौरभ सिंह द्वारा पत्रकार वार्ता का आयोजन कर अभियान के संबंध में जानकारी दी गई कैंपस चलो अभियान की जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष सौरभ सिंह ने बताया कि एनएसयूआई के राष्ट्रीय नेतृत्व के दिशा निर्देश और प्रदेश एनएसयूआई के निर्देशन में जिला एनएसयूआई द्वारा कैंपस चलो अभियान की शुरुआत की गई है जिसमें हम छात्रों की मांगों को पुरजोर तरीके से उठाते हुए एक मांग पत्र जारी कर रहे हैं उन्होंने मांग पत्र के संबंध में बताते हुए कहा कि छात्र मांग पत्र भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा जारी कर पेपर लीक पर कड़ा कानून दोषियों को 20 वर्ष की जेल व 10 करोड़ का जुर्माना समस्त परीक्षाओं पर हो लागू जिम्मेदारों की बर्खास्तगी व संस्थान की मान्यता निरस्त की जाय।

लोकसेवा गारंटी अधिनियम में शामिल हों समस्त छात्रवृत्तियां छात्रवृत्ति भुगतान तक अधिकारियों के वेतन आहरण पर रोक हो। फर्जी छात्रवृत्ति लेने वाले संस्थानों पर 50 करोड़ का जुर्माना व जेल 3 लाख सालाना से कम आय वाले समस्त छात्रों को मिले छात्रवृत्ति छात्रवृत्ति पोर्टल को सुगम बनाएँ सबको शिक्षा- सबको प्रवेश सीट वृद्धि के साथ-साथ प्रारम्भ हों नए पाठ्यक्रम, एनईपी के अनुरूप पसंदीदा विषय लेने की मिले छूट घिसे-पिटे सीलेबस की जगह लागू हों रोजगार मूलक सीलेबस स्ट्/स्ज्ञ हॉस्टल की संख्या इसी सत्र में दोगुना की जाए। इसी सत्र में खोले जाएँ 100 महिला और 50 श्ङ्कस्ञ् छात्रावास प्राध्यापकों के रिक्त पद शीघ्र भरे जाएँ। इसी सत्र से प्रारंभ छात्रसंघ चुनाव प्रारंभ करें।

इन सभी मांगों को लेकर हम प्रत्येक कॉलेज कैंपस में छात्रों तक पहुंचेंगे और उन्हें भी अपने साथ जोड़कर इस आंदोलन का हिस्सा बनायेगे छात्रों के हितों के लिए एनएसयूआई हमेशा प्रतिबद्ध है।

# भाजपा का 1 सितंबर से संगठन महापर्व सदस्यता अभियान प्रारंभ होगा

**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान में शामिल होना गर्व की बात है। आगामी 1 सितंबर से भारतीय जनता पार्टी का संगठन महापर्व सदस्यता अभियान के रूप में प्रारंभ होने जा रहा है। 18 करोड़ सदस्यता के साथ भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। अंत्योदय का उत्थान , दलित, शोषित ,वंचित, गरीबों का उत्थान एवं समृद्धि करण हेतु भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान का हिस्सा बने। उक्त आशय के विचार भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित सदस्यता अभियान कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त विनोद गोटिया ने बतौर मुख्य अतिथि, भाजपा प्रदेश मंत्री एवं जिला संगठन प्रभारी राजेश पांडे, सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा, विधायक श्रीमती रीती पाठक, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य इंद्र शरण सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू राम जी सिंह ,जनपद अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार एवं नगर पंचायत अध्यक्ष रामकुमार साहू की विशिष्ट उपस्थिति में व्यक्त की। कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्री गोटिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनना केवल सत्ता के लिए नहीं बल्कि समाज और देश को समृद्धशाली एवं विश्व की महाशक्ति बनने के लिए बनना है। धारा 370, प्रभु श्री राम लला जी का भव्य मंदिर कोई साधारण घटनाएं नहीं है। भारतीय जनता पार्टी एक देशभक्त, अनुशासित और भारत माता के वैभव शाली विरासत के लिए कार्य करने वाला संगठन है। जो देश के लिए श्रेष्ठ है वहीं भारतीय जनता पार्टी का एजेंडा होता है। विपक्ष का नाम लिए बगैर श्री गोटिया ने कहा कि इसके पहले जितने भी देश के प्रधानमंत्री हुए हैं वे सभी दूसरों की कृपा से बने हैं अर्थात पहले प्रधानमंत्री बने हैं फिर चुनाव लड़े हैं जबकि भारत रत्न अटल जी और मोदी जी देश के ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने पहले जनता का चुनाव के रूप में आशीर्वाद अर्जित किया उसके बाद देश के प्रधानमंत्री बने। भारतीय जनता पार्टी का विचार है कि समता भी हो और ममता भी हो अर्थात समाज का प्रत्येक वर्ग का कल्याण हो, सभी समृद्धिशाली बने और सभी भारत माता को विश्व गुरु बनाने के लिए कार्य करें।

# कोयले के काले कारोबार की सच्चाई खुली तो खादी और खाकी पर भी दिखेगा दाग : ज्ञानेंद्र

**सिंगरौली।** जिले में कुछ आयातीत लोगों के पास एकत्रित काला धन ही अपराध और अनैतिकता का जन्मदाता है । सिंगरौली जिले में कोयला का अपार भंडार है और उसका अवैध व्यापार और उसी से कुछ लोगों के पास बेहिसाब दौलत भी है उसी पैसे के दम पर इन तत्वों द्वारा जो भी अवैधानिक कृत्य किया जारहा है इसकी पूरी जानकारी जिले के पुलिस तथा प्रशासन को है यदि यह जानकारी किसी को नहीं है तो जिले के सामान्य नागरिक , किसान, मजदूर, गरीब और बेरोजगार युवाओं को जिनका हक लूट रहा है और जान जोखिम में है बेरोजगारी में भरण पोषण के भी लाले हैं। जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली ग्रामीण अध्यक्ष ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने अपने एक प्रेस वक्तव्य में कहा है कि जिले में कोयले का अपार भंडार है उतना ही अवैध व्यापार और इस व्यापार में शामिल लोगों के पास बेहिसाब धन का अंबार है ।जिले में बढ़ रही अनैतिकता और अपराधों का कारण यही पैसा है जिले के कोयला खदान अधिकारी, रेलवे विभाग के अधिकारी और पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारी तक इससे अलग नहीं है । आज सिंगरौली जिला में जितनी खनिज रॉयल्टी की राशि आती है इस कोयले के काले कारोबार में सामिल लोगों के पास उससे कम की राशि नहीं आती है ।जिला में पुलिस बल की कमी के कारण थानों से अपराध रोकने की गति सुस्त और प्रक्रिया बदली है जिन थानों में पहले उच्च अधिकारियों के साथ बैठक कर अपराधों में नियंत्रण और अपराधियों पर नकेल कसने की योजनाएं बनती थी आज उन्हीं स्थानों में अपराधियों को संरक्षण की साजिशें रची जाती है, अपराधियों तक पहुंचने के लिए मुखबिर पालने वाली पुलिस आज स्वयं अपराधियों की मुखबिरी करते नजर आ रही है यह दुर्भाग्य पूर्ण है । जिले में कोयला के काले कारोबार का खेल भयमुक्त और निराला है जिले के बाहर पावर प्लांट में जाने वाला कोयला बनारस की मंडियों में पहुंच रहा है और पावर प्लांट में राखड तथा किसी रामगढ़ के मिट्टी का मिला कोयला जा रहा है किंतु इस खेल पर रेलवे की नजर नहीं है जबकि यह कोयला परिवहन की जवाबदारी रेलवे विभाग की है लेकिन रेल्वे विभाग एजेंसी नियुक्त करने के बाद देखना उचित नहीं समझता , कोयला खदान अधिकारियों को कोयला कहां जरहा है से कोई मतलब नहीं है तथा कोयले के अवैध परिवहन पर पुलिस की भी नजर नहीं पढ़ना सत्ता दल के नेताओं के संरक्षण के बिना संभव नहीं है । जिले से प्रति दिन कई टन कोयले के अवैध परिवहन की सूक्ष्म जांच कराने की आवश्यकता है और इस में सामिल तत्वों को बेनकाब करना भी जरूरी है । इस के लिए जिला प्रशासन द्वारा रेलवे , खनिज और पुलिस विभाग की एक संयुक्त टीम गठित कर कोयला खदान से निकलने बाली गाडियां ओर उनके नंबर तथा सिंगरौली से बनारस तक के रास्ते के टोल प्लाजा की सीसीटीवी के एक सप्ताह के फुटेज का सत्यापन कराया जाय तो करोड़ों के अवैध कोयले के परिवहन का खुलासा हो सकता है । यदा कदा अवैध कोयले के परिवहन वाले बड़े वाहन पुलिस द्वारा पकड़े तो जाते हैं उसका खुलासा भी किया जाता है किंतु इसमें कार्यवाही तथा परिवहन कर्ता का नाम कभी सार्वजनिक नहीं किया जाता इस व्यापार का यही राज है किंतु जिस दिन भी इस कोयले के काले खेल से पर्दा उठेगा उस दिन खादी और खाकी पर भी दाग अवश्य दिखेगा।

## संपादकीय

## लड़कियां फिर आगे, शिक्षा मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट

शिक्षा मंत्रालय की ओर से किया गया 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का विश्लेषण कई गंभीर मसलों की ओर ध्यान खींचता है, लेकिन इसका सबसे अहम पहलू है स्कूलों में लड़कियों की ओर से लिखी जा रही कामयाबी की सुनहरी कथाएं। यह लगातार दूसरा साल है जब शिक्षा मंत्रालय ने देश के 59 स्कूल बोर्डों के रिजल्ट्स का विश्लेषण करते हुए अपनी रिपोर्ट पेश की है। समाज में और परिवार के अंदर लड़कियों को जिस पूर्वाग्रह भरी दृष्टि का सामना करना पड़ता है उसका एक ज्वलंत उदाहरण रिपोर्ट में इस तथ्य के रूप में उभरता है कि देश भर में प्राइवेट स्कूलों में लड़कों और सरकारी स्कूलों में लड़कियों की संख्या ज्यादा है। साफ है कि मां-बाप चाहते हैं बेटे ज्यादा अच्छी और महंगी शिक्षा पाएं। बेटियों को जैसे-तैसे पढ़ा देना काफी माना जाता है। दिलचस्प है कि यह पूर्वाग्रह लड़कियों के जज्बे को कमजोर करने के बजाय उसे और मजबूती दे रहा है। रिजल्ट्स का विश्लेषण बताता है कि बोर्डों, स्कूलों और विषयों के भेदों से ऊपर उठते हुए लड़कियां, लड़कों से बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। 10वीं और 12वीं दोनों में, चाहे स्टेट बोर्ड हों या नैशनल और चाहे प्राइवेट स्कूल हों या सरकारी, लड़कियों का पासिंग पर्सेंटेज लड़कों से काफी ज्यादा है। जहां तक स्ट्रीम सिलेक्शन की बात है तो साइंस आज भी सबसे लोकप्रिय है। करीब 43त्न स्टूडेंट्स साइंस स्ट्रीम में अपीयर हुए और 34त्न आर्ट्स स्ट्रीम में थे। खास बात यह कि साइंस में लड़कों की बहुलता थी जबकि आर्ट्स में लड़कियों की। लेकिन पासिंग पर्सेंटेज देखें तो लड़कियां न सिर्फ आर्ट्स में बल्कि साइंस में भी लड़कों से आगे नजर आती हैं। स्कूल स्तर पर यह जो ट्रेंड इस रिपोर्ट में दिख रहा है, वह अन्य तमाम क्षेत्रों में उभरते नए ट्रेंड से मेल खा रहा है। चाहे कॉलेजों की परीक्षाओं की बात हो या नीट और जी जैसी प्रेफेशनल कोर्स वाली परीक्षाओं की, हर जगह ट्रेंड यही दिखता है कि महिलाएं न सिर्फ अपनी संख्या बढ़ा रही हैं बल्कि प्रदर्शन में भी लगातार सुधार दर्ज करा रही हैं। निश्चित रूप से यह एक हेल्दी ट्रेंड है। लड़कियों के आगे बढ़ने का मतलब उनके आत्मविश्वास का बढ़ना है, उनका ज्यादा असर्टिव होना है। ऐसी लड़कियां परिवार के अंदर या वर्कप्लेस पर अपनी सही जगह न सिर्फ चाहती हैं बल्कि उसे हासिल करती हैं।

# भगवान श्रीकृष्ण के उपदेश हर युग में प्रासंगिक और प्रेरणादायी

**भगवान श्रीकृष्ण का जीवन दर्शन धर्म, जाति, व्यक्ति एवं लिंग से बहुत ऊपर है। लोक मान्यता है कि गुणातीत देवकीनंदन श्रीकृष्ण का अवतरण जन्माष्टमी के दिन हुआ। यह पावन संयोग है कि विष्णु जी के अष्टम अवतार श्रीकृष्ण माता देवकी के अष्टम पुत्र के रूप में अष्टमी तिथि को अवतरित हुए।**

● डॉ. मोहन यादव

जन्माष्टमी के पावन अवसर की प्रतीक्षा कर रहे भारत सहित दुनिया के कई देशों में बसे कृष्ण भक्तों में आनन्द और हर्षोल्लास है। द्वापर युग में आसुरी शक्तियों के अधर्म, अन्याय, पापाचार, अनाचार का प्रभाव चरम पर था। धर्म की रक्षा और अधर्मियों का नाश करने स्वयं भगवान को श्रीकृष्ण स्वरूप में पृथ्वी पर आना पड़ा। उन्होंने समस्त संसार को पाप, अधर्म, अत्याचार से मुक्त कर धर्म की संस्थापना की।

नन्हें कान्हा से योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण बनने की जीवन यात्रा में घनश्याम श्रीकृष्ण ने मनुष्य की भांति जीवन की अनेक बाधाएं, संघर्ष, दुःख, कष्ट, अपमान तथा पीडाओं को सह कर संसार को यह शिक्षा दी कि मनुष्य फल की इच्छा छोड़कर केवल अच्छे कर्म कर स्वयं पर विश्वास करें। योगेश्वर बनने में सबसे महत्वपूर्ण योगदान उनके गुरु सांदीपनि जी का है, जिन्होंने प्रिय शिष्य कृष्ण को धर्म, भक्ति, ज्ञान, योग, वेद, शास्त्र, संगीत, शस्त्र, पुराणों, गुरु सेवा एवं गुरु दक्षिणा आदि विषयों की दुर्लभ शिक्षाएं प्रदान की।

गुरु दक्षिणा में भगवान श्रीकृष्ण ने महर्षि सांदीपनि जी एवं गुरूमाता को उनका खोया हुआ पुत्र पुण्डरक वापस लाकर दिया। हम सब परम सौभाग्यशाली हैं कि भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा-दीक्षा के साथ उनके योगेश्वर बनने की गाथा मध्यप्रदेश में लिखी गई।

कंस वध के बाद भगवान श्रीकृष्ण अपने बड़े भ्राता बलराम के साथ मथुरा से शिक्षा प्राप्ति के लिए महर्षि सांदीपनि की शरण में उज्जैन आये थे। नारायण (उज्जैन) में उनकी मित्रता सुदामा से हुई। श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता की मिसाल युग-युगांतर से है। भगवान श्रीकृष्ण से मित्रता की संसार को जो शिक्षा मिली, वह अनुकरणीय है। भगवान श्रीकृष्ण



ने जिस जगह शिक्षा प्राप्त की थी, उनके गुरु सांदीपनि जी का आश्रम आज भी उज्जैन में विद्यमान है, जो भगवान श्रीकृष्ण के योगेश्वर बनने का साक्षात प्रमाण है। भगवान श्रीकृष्ण, सांदीपनि जी के गुरुकुल में 64 दिन रहे। इन 64 दिनों में 64 विद्या और 16 कलाओं का ज्ञान प्राप्त किया। चार दिन में 4 वेद, 18 दिन में 18 पुराण, 6 दिन में 6 शास्त्रों का ज्ञान प्राप्त किया।

अपनी विनम्रमा और श्रद्धा के कारण गुरु कृपा से भगवान श्रीकृष्ण को इन्दौर के समीप जानापाव में परशुराम जी से सुदर्शन चक्र रूपी अमोघ शस्त्र की प्राप्ति हुई। धार के पास अमझेरा में वीरता के बल पर रूक्मणी हरण में रूक्मी को हराया। बदनावर का ग्राम कोद वे पवित्र स्थान हैं, जो भगवान श्रीकृष्ण की पौराणिक जागृत लीलास्थली हैं। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मध्यप्रदेश सरकार ने राम वन-पथ-गमन की तरह अब श्रीकृष्ण पाथेय निर्माण का संकल्प लिया है। इसके अंतर्गत मध्यप्रदेश में जहां-जहां भगवान श्रीकृष्ण के चरण पड़े थे, उन्हें तीर्थ क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इससे पूरी दुनिया को यह पता चलेगा कि भगवान श्रीकृष्ण का अटूट सम्बंध गोकुल, मथुरा, नंदगांव, वृंदावन और द्वारिका से ही नहीं बल्कि मध्यप्रदेश से भी है। विश्व के लोग यहां आकर इन तीर्थों का दर्शन कर पुण्य लाभ ले सकेंगे।

श्रीकृष्ण ने नारी सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। जनश्रुति है श्रीकृष्ण ने दैत्य नरकासुर का वध कर बन्दी बनाई गईं 16 हजार स्त्रियों को मुक्त कराया था। साथ ही कुटिल कौरवों के चीरहरण से द्रौपदी की रक्षा भी की। गोपाल श्रीकृष्ण गौ-माता को बहुत मानते थे। गौ-वंश उन्हें प्राणों से प्रिय रहा। गायों की रक्षा के प्रति हमारी सरकार भी प्रतिबद्ध है। इस दिशा में गौ-शालाओं के विकास के लिये विशेष प्रयास भी किये जा रहे हैं।

श्रीकृष्ण का आदर्श जीवन हर युग मे प्रासंगिक तथा प्रेरणादायी है। प्राणी उनके द्वारा बताए गए मार्ग का अनुकरण कर महान बन सकता है। वर्तमान पीढ़ी को चाहिए कि वह भौतिकता की चमक-दमक में अपने पौराणिक इतिहास को विस्मृत न होने दे।

आईए हम सब प्रदेशवासी ऐसे महान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव-जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाए - जय श्री कृष्ण।

# दलित वोटों की लड़ाई में सपा-बसपा आमने-सामने

**मोदी सरकार ने उच्च पदों पर नौकरियों में सीधी भर्ती (लेटरल एंट्री) का अपना एक फैसला क्या वापस लिया, विपक्ष ने इसे मोदी को घेरने का हथियार बना लिया। पूरा विपक्ष अपनी पीठ ठोंक रहा है। पीठ ठोंकने वालों में यूपी के नेता मायावती और अखिलेश यादव सबसे आगे नजर आ रहे हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती और सपा प्रमुख अखिलेश यादव को तो लगता है कि इससे यूपी की राजनीति की धुरी ही बदल जायेगी। बसपा प्रमुख मायावती की प्रतिक्रिया आई थी कि उनके तीव्र विरोध के बाद सरकार ने सीधी भर्ती वाला निर्णय वापस लिया है। वहीं, सपा प्रमुख अखिलेश यादव दावा कर रहे हैं कि पिछले दरवाजे से आरक्षण को नकारते हुए नियुक्तियों की साजिश आखिरकार पीडीए की एकता के आगे झुक गई।**

(अजय कुमार)

सपा प्रमुख अखिलेश यादव दावा कर रहे हैं कि पिछले दरवाजे से आरक्षण को नकारते हुए नियुक्तियों की साजिश आखिरकार पीडीए की एकता के आगे झुक गई। मतलब यह है कि फैसला केंद्र ने वापस लिया लेकिन अखिलेश और मायावती खुद इसका क्रेडिट ले रहे हैं। वैसे सियासत इसी को कहा जाता है।

मोदी सरकार ने उच्च पदों पर नौकरियों में सीधी भर्ती (लेटरल एंट्री) का अपना एक फैसला क्या वापस लिया, विपक्ष ने इसे मोदी को घेरने का हथियार बना लिया। पूरा विपक्ष अपनी पीठ ठोंक रहा है। पीठ ठोंकने वालों में यूपी के नेता मायावती और अखिलेश यादव सबसे आगे नजर आ रहे हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती और सपा प्रमुख अखिलेश यादव को तो लगता है कि इससे यूपी की राजनीति की धुरी ही बदल जायेगी। बसपा प्रमुख मायावती की प्रतिक्रिया आई थी कि उनके तीव्र विरोध के बाद सरकार ने सीधी भर्ती वाला निर्णय वापस लिया है। वहीं, सपा प्रमुख अखिलेश यादव दावा कर रहे हैं कि पिछले दरवाजे से आरक्षण को नकारते हुए नियुक्तियों की साजिश आखिरकार पीडीए की एकता के आगे झुक गई। मतलब यह है कि फैसला केंद्र ने वापस लिया लेकिन अखिलेश और मायावती खुद इसका क्रेडिट ले रहे हैं। वैसे सियासत इसी को कहा जाता है।

वैसे यह पहली बार नहीं हुआ है कि परस्पर विरोधी बसपा और सपा नेताओं के सुर एक जैसे सुनाई पड़ रहे हों, इसी तरह के सुर आरक्षण में वर्गीकरण के मुद्दे पर भी देखने को मिले थे, जब बसपा ने बंद का समर्थन किया तो अखिलेश ने भी तुरंत इसके समर्थन में पोस्ट लिख कर अपना पक्ष रख दियस। बात यहीं तक सीमित नहीं है, आरक्षण से जुड़े हर मुद्दे पर मायावती और अखिलेश लगातार आक्रामक दिख रहे हैं। आखिर क्या वजह है कि आरक्षण के मुद्दे पर दोनों के सुर एक हैं? या दोनों के बीच एक रेस लगी हुई है कि दलितों और पिछड़ों का ज्यादा हितैषी कौन है? आखिर इस मुद्दे के जरिए मायावती और अखिलेश कौन-सी राजनीति साध रहे हैं?

इस तमाम सवालों का जवाब समझने के लिए पिछले लोकसभा चुनाव से पहले की स्थितियों और नतीजों पर गौर करना जरूरी है। यूं तो संविधान और आरक्षण बसपा का कोर मुद्दा रहे हैं लेकिन पिछले लोकसभा चुनाव से पहले सपा ने कांग्रेस के साथ गठबंधन करके पीडीए (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) का जो नारा और इंडिया गठबंधन में शामिल होकर संविधान की रक्षा का मुद्दा भी जोर-शोर से उठाया था,उसका फायदा जब इंडिया गठबंधन को मिला तो बसपा सुप्रीमों को अपना राजनैतिक भविष्य अंधकार में नजर आने लगा। इससे पहले मायावती को भी यह उम्मीद नहीं थी कि सपा का यह दांव इतना अधिक कारगर होगा। नतीजे आए तो सपा ने यूपी में अकेले 37 सीटें जीत लीं। साथ में कांग्रेस को भी छह सीटों पर जीत हासिल हुई और बसपा का सफाया हो गया। वोट प्रतिशत भी खिसक कर मात्र करीब साढ़े नौ प्रतिशत पर आ गया। इससे साफ हो गया कि सपा के द्वारा बसपा के दलित वोट बैंक में बड़ी सेंधमारी कर ली गई है। तब से मायावती की एक ही कोशिश है कि किसी तरह अपना दलित वोटबैंक वापस लाया जाए। इसके लिए मायावती लगातार दलित हितों से जुड़े मुद्दे उठा रही हैं। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने एससी-एसटी आरक्षण में वर्गीकरण पर अपना मत दिया, तो मायावती की उम्मीद को पंख लग गये। मायावती ने तुरंत इस मुद्दे को लपक लिए। सबसे पहले उनकी प्रतिक्रिया आई। इसे पूरी तरह गलत ठहराते हुए उन्होंने भाजपा के साथ ही सपा-कांग्रेस सहित अन्य पार्टियों को भी घेरना शुरू कर दिया। वह संसद में संविधान संशोधन लाने की मांग पर अड़ गईं। इस मुद्दे पर उन्होंने दो बार प्रेस कॉन्फ्रेंस की और सोशल मीडिया के जरिए कई बयान दिए।

शुरुआत में कांग्रेस ने इस पर सधी प्रतिक्रिया दी, लेकिन मायावती के आक्रामक रुख को देखते हुए सपा ने भी खुलकर मोर्चा खोल लिया। इसी बीच 69,000 शिक्षक भर्ती का मामला भी उठा,जिस पर सपा और बसपा दोनों ही आक्रामक दिखे। अखिलेश यादव को लगा कि अब यदि चुप रहे तो पिछले लोकसभा चुनाव में जो दलित वर्ग उनके साथ जुड़ा है, कहीं वापस बसपा में न चला जाए। उन्होंने सीधी भर्ती के मामले में 2 अक्टूबर को आंदोलन का ऐलान भी कर दिया। मायावती भी अपने बयानों के जरिए इस मुद्दे पर आक्रामक रूख बनाये हुए हैं।

लब्बोलुआब यह है कि सपा और बसपा नेता लगातार यह संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं कि दलितों के असली हितैषी वही हैं। बसपा ने लोकसभा चुनाव के बाद कमिटियों का नए सिरे से गठन किया है। उनमें भी साफ झलक देखने को मिली कि दलितों को ज्यादा तवज्जो दी जा रही है। वहीं, अखिलेश यादव भी लोकसभा चुनाव के बाद फैजाबाद के सांसद अवधेश प्रसाद को आगे बढ़ा रहे हैं। संसद से लेकर सार्वजनिक मंचों तक वह अवधेश प्रसाद के साथ नजर आते हैं। संसद में भी अवधेश प्रसाद को लोकसभा में अधिष्ठाता मंडल का सदस्य बनवाया गया। मायावती की तरह मंचों से आंबेडकर और कांशीराम का नाम अक्सर लेते हैं। दरअसल, अभी यूपी में विधान सभा उपचुनाव होने हैं।

## वर्ग पहेली 5472

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | 4 | 5 | ■ |
| 6 | | ■ | | ■ | 7 | | |
| | ■ | 8 | | 9 | | ■ | ■ |
| 10 | | | ■ | | ■ | ■ | 11 |
| | ■ | 12 | 13 | | 14 | 15 | |
| 16 | 17 | ■ | | ■ | 18 | | |
| ■ | 19 | 20 | | ■ | 21 | | ■ |
| 22 | | | ■ | 23 | | ■ | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. प्रसिद्ध भारतीय सरोदवादक जिनका आज जन्म दिन 9 अक्टूबर 1945 है (7)
6. हानि, नुकसान (2)
7. स्वेद, श्रमकण (3)
8. जो रिश्तें में नाना के पिता हों (4)
10. प्रत्येक पक्ष की तीसरी पक्ष, तीज (3)
12. भारत के प्रसिद्ध लॉन टेनिस खिलाड़ी (6)
16. तीन घंटे या एक पहर का समय (2)
18. पुरानी फिल्मों के पार्श्व गायक (सिर्फ नाम)(3)
19. माथा, मस्तक, पेशानी (3)
21. नासिका, घ्राणेन्द्रिय, शरीर का एक संवेदी अंग (2)
22. जिसका कोई नाम न हो, अनामक (3)
23. धर्म संप्रदाय, मार्ग, रास्ता (2)

**ऊपर से नीचे**
1. वैशाख शुक्ल तृतीया जिसे आखातीज भी कहा जाता है (6)
2. बुद्धि, अक्ल, समझ (2)
3. प्रथा, रीति, कायदा, नियम, रिवाज (3)
4. गोबर आदि से लेप करना, हाथ से फैलाना (3)
5. मुंह से झटके से हवा के बाहर निकलने की आवाज (2)
8. समाचार, खबर, संदेश, संदेसा (उर्दू)(3)
9. अभियोग, मुकदमा, याचिका (3)
11. अवरोहित, गिरा हुआ, जाति निर्वासित (3)
13. यातायात में दो पहिया वाहन चलाने वाले के लिए आवश्यक सुरक्षित पहनावा (3)
14. भगवान शकर का एक ना, इस फिल्म में अमिताभ बच्चन ने एक भूत का चरित्र निभाया है (4)
15. आंख का परदा, नयनपट (3)
17. घर्षण करना, घिसना, रगड़ना (3)
20. ब्रिगेड, फौजी दस्ता, उर्दू का एक अक्षर (2)

## वर्ग पहेली 5471 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रे | म | चं | द | ■ | ■ | स | ■ |
| त | म | गा | ■ | अ | वा | न | क |
| रा | ■ | क | मा | न | ■ | ऑ | ल |
| ज | मी | र | ■ | ब | र | फ | ■ |
| ■ | ट | ना | ट | न | ■ | इ | क |
| सा | र | ■ | टो | ■ | अ | डि | ग |
| ध | ■ | ■ | ल | ■ | ब | या | र |
| ना | म | दे | ना | ■ | ला | ■ | ■ |

# धर्म स्थापना के मार्ग में श्रीकृष्ण को मिले थे इतने श्राप

(अनन्या मिश्रा)

असल में श्रीकृष्ण सांसारिक भावनाओं या श्राप से ऊपर हैं। लेकिन इसके बाद भी मनुष्य शरीर में बंधे होने की वजह से खुद को मिले श्रापों को न सिर्फ अपने ऊपर लिया बल्कि उनको भोगा भी था।

जगत के पालनहार भगवान श्रीहरि विष्णु ने द्वापर युग में श्रीकृष्ण के रूप में अवतार लिया था। यह श्रीहरि का आठवां अवतार था। द्वापर युग भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से संपूर्ण रहा, तो वहीं भगवान ने धर्म की स्थापना के मार्ग में कई श्रापों का भी भोग किया। हालांकि असल में श्रीकृष्ण सांसारिक भावनाओं या श्राप से ऊपर हैं। लेकिन इसके बाद भी मनुष्य शरीर में बंधे होने की वजह से उन्होंने इन श्रापों को न सिर्फ अपने ऊपर लिया बल्कि उनको भोगा भी था। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि भगवान श्रीकृष्ण को कौन-कौन से श्राप मिले थे।

### पहला श्राप

भगवान कृष्ण को पहला श्राप बाल्यकाल में मिला था। दरअसल, एक बार ऋषि दुर्वासा गोकुल के बाहर तपस्या में लीन थे। तभी श्रीकृष्ण ने अपनी बाल लीलाओं और शरारतों से ऋषि की साधना भंग कर दी। साधना भंग होने पर दुर्वासा ऋषि ने क्रोधित होते हुए श्रीकृष्ण को श्राप दे दिया कि जिस मां के प्यार के कारण वह इतना शरारती बने हैं। उन्हीं मां से श्रीकृष्ण को कई वर्षों तक दूर रहना होगा। दुर्वासा ऋषि द्वारा मिले इस श्राप को पूरा करने के लिए भगवान ने गोकुल का त्याग कर दिया था।

### दूसरा श्राप

भगवान श्रीकृष्ण को दूसरा श्राप कौरवों की माता गांधारी ने दिया था। महाभारत ग्रंथ के मुताबिक जब माता गांधारी ने कौरव वंश की वधुओं के विलाप की आवाज सुनी, तो उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण को श्राप देते हुए कहा कि वह चाहते तो इस अनर्थ को होने से रोक सकते थे। वह बिना युद्ध के भी धर्म की स्थापना कर सकते थे। यह कहकर गांधारी ने श्री कृष्ण को युदुवंश के विनाश का श्राप दिया था। वहीं श्रीकृष्ण ने गांधारी के इस श्राप को स्वीकार किया और स्वयं अपने कुल का विनाश होते देखा।

### तीसरा श्राप

भगवान श्रीकृष्ण को तीसरा श्राप यमराज से मिला था। हालांकि इसको पूरी तरह से श्राप की श्रेणी में नहीं रखा जाता है। लेकिन इसके बाद भी श्रीकृष्ण ने इस श्राप को स्वीकार किया था। एक बार भगवान श्रीकृष्ण अपने गुरु संदीपनी मुनि के पुत्र को यमराज के पास से जीवित लेने गए थे। तब यमराज और श्रीकृष्ण का युद्ध हुआ और वह युद्ध हार गए। तब यमराज ने भूलवश श्रीकृष्ण को कहा कि वह श्रीकृष्ण के प्राण हरने से वह समय से पहले खुद आ जाएंगे और वैसा ही हुआ भी।

## आज का राशिफल

### मेष
आज भाग्य साथ दे रहा है और महत्वाकांक्षी प्रकृति वालों के लिए दिन शुभ फलदायक रहेगा। यात्रा सामान्य लाभप्रद रहेगी। दोपहर बाद उच्चाधिकारियों से किसी प्रकार का विवाद हो सकता है। कानूनी पक्ष नया मोड़ ले सकता है। सांयकाल के समय योजनापूर्ति से लाभ होगा।

### वृषभ
आज हर काम को संभलकर करने की सलाह है। आपकी बिना वजह किसी के साथ अनबन हो सकती है। अपने कार्य कौशल से आप शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। घर गृहस्थी के उपयोग की कोई प्रिय वस्तु खरीदी जाएगी। शुभ व्यय होने से आपका मन प्रसन्न होगा।

### मिथुन
आज किसी काम में मन नहीं लगेगा और आपकी योजनाएं अधूरी पड़ी रहेंगी। अगर आपकी राजनीति से जुड़े हैं तो राजनीतिक गतिविधियों में भी रुकावट आ सकती है और आपका काम करने का मन नहीं करेगा। दोपहर के बाद में किसी नए कार्य की रूपरेखा बनेगी।

### कर्क
आज दिन सफलता से भरा होगा और दिन आपके लिए भाग्योदय कारक है। जो भी चाहेंगे वो कर दिखाएंगे और मन में प्रसन्नता रहेगी। जीवनसाथी और कारोबारियों को लाभ होगा और हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा। अच्छे कार्य में आपकी रुचि बनी रहेगी।

### सिंह
आज दिन मिश्रित फलकारक है और समाज में लोगों के बीच में आपकी अच्छी छवि बनेगी। जिस भी योजना पर आप वर्तमान में काम कर रहे हैं उसमें सजगता बरतें। पदोन्नति के अवसर मिलेंगे और कारोबार में शानदार मुनाफा होगा।

### कन्या
आज करियर के मामले में लाभ का दिन है और आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति होने से आपका मन प्रसन्न होगा। आपकी मान-प्रतिष्ठा में निश्चित रूप से वृद्धि होगी और कारोबार में आपको भाग्य का साथ मिलेगा। आपके उत्तरदायित्व बढ़ने से कुछ असहज स्थिति उत्पन्न हो सकती है, घबराएं नहीं और अपने काम पर फोकस करें।

### तुला
आज करियर में लाभ होगा और आपके सुख के साधनों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा और उनकी मदद से आप कोई नया काम आरंभ कर सकते हैं। व्यवसायिक प्रयास फलीभूत होंगे। राज्य मान प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। आपकी कोई मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने की आशंका है।

### वृश्चिक
आज लाभ होगा और दूसरों के कार्य पूर्ण करने में आपका दिन बीतेगा। दूसरों की सहायता करने से जो आत्म संतुष्टि आपको प्राप्त होती है, उसकी तुलना में कोई अन्य सुख हो ही नहीं सकता। ऑफिस में आपके अधिकारों में वृद्धि होने के कारण साथियों का मूड कुछ खराब हो सकता है।

### धनु
आज दिन काफी मिलाजुला रहेगा। आपके आसपास का वातावरण काफी विपरीत स्थिति वाला रहेगा। आप अपने धैर्य और मृदु व्यवहार से वातावरण को हल्का करने में कामयाब होंगे। अपने प्रिय व्यक्ति की मदद करने के कारण कुछ परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### मकर
आज लाभ का दिन है और आज किसी नई डील से अचानक धन का लाभ होगा। घर में पत्नी या संतान की अचानक तबीयत खराब होने से आपको टेंशन हो सकती है। किसी महत्वपूर्ण कार्य को करते समय या गाड़ी चलाते समय टेंशन को हावी न होने दें। दोस्ती में किसी पर आंख बंद करके भरोसा न करें, वरना आपके साथ धोखा हो सकता है।

### कुंभ
आज लाभ होगा और कारोबार में आपकी योजनाएं सफल होंगी। किसी महान सफलता के मिलने से आपको हर्ष होगा और बड़ी मात्रा में रुपया हाथ में आने से आपको खुशी होगी। दिन के उत्तरार्ध में पिछले चार दिनों से चला आ रही कड़वाहट दूर होगी। कहासुनी को बातचीत से सुलझा लें। रात्रि का समय सैर सपाटे में व्यतीत करें।

### मीन
आज दिन प्रसन्नता से भरा होगा और आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। दिन अच्छा है, जिन यंगस्टर्स ने अभी अपने करियर की शुरुआत की है, उन्हें आज अपने ऑफिस में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी। सांयकाल से रात्रि का समय भी मेल-मिलाप में बीतेगा और आप परिवार के लोगों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मान सरकार के खिलाफ राज्य कर्मचारियों में रोष, पेंशनर्स संयुक्त मोर्चा ने किया विरोध प्रदर्शन



**कपूरथला, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी शासित पंजाब में पेंशन से जुड़ी मांग को लेकर पंजाब कर्मचारी एवं पेंशनर्स संयुक्त मोर्चा की तरफ से प्रदेश सरकार के खिलाफ शनिवार को प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान प्रदेश के कर्मचारियों के साथ मुलाकात नहीं कर रहे हैं। सरकार द्वारा मानी गई मांगों को अब तक लागू नहीं किया गया। मौके पर मौजूद नेताओं ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान बार-बार मीटिंग करते हैं और फिर लिए गए फैसलों से पीछे हट जाते हैं।पंजाब के कर्मचारियों और पेंशनरों से मलिने से सीएम के इनकार के बाद कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के संयुक्त मोर्चे के नेताओं में रोष है। शनिवार को मुख्यमंत्री पुतला फूंका गया। प्रदर्शन कर रहे नेताओं ने बताया कि मुख्यमंत्री ने विभाग में प्रमोशन करने, कच्चे कर्मचारियों को वेतन अवकाश का बकाया देने, वेतन आयोग की रिपोर्ट सही ढंग से लागू करने का वादा किया था, लेकिन सरकार सभी वादों से मुकर गई। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कच्चे-पक्के कर्मचारियों की बहाली और पक्का करने की मांगें जल्द मान ली जाएं, नहीं तो पंजाब में बड़े स्तर पर संघर्ष होगा। इसके अलावा बठिंडा में शनिवार को रिटायर्ड पुलिस कर्मियों की ओर से अपनी मांगो को लेकर प्रदर्शन किया गया। मांगें समय से पूरा नहीं करने पर सरकार के खिलाफ संघर्ष तेज करने की चेतावनी भी दी।प्रदर्शनकारियों ने कहा जब से भगवंत मान पंजाब के मुख्यमंत्री बने हैं, उस दिन से पेंशनरों की कोई सुनवाई नहीं हो रही। सरकार डीए की किश्त और पिछला बकाया नहीं दे रही। जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक संघर्ष करते रहेंगे।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना भारत को एक फिट राष्ट्र बनाना है : मनसुख मांडविया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय युवा मामले एवं खेल और श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने शनिवार को आईएएनएस से बातचीत के दौरान खेल दिवस पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना भारत को एक फिट राष्ट्र बनाना है। उनके फिट इंडिया मूवमेंट की परिकल्पना प्रत्येक नागरिक के लिए एक कार्यक्रम है और मैं आप सभी को इस वर्ष के राष्ट्रीय खेल दिवस पर इस राष्ट्रव्यापी उत्सव का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करता हूं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री कहते हैं कि जो खेलता है, वो खिलता है। प्रधानमंत्री ने अपने कार्यकाल में खेलों को उत्साहित करने की दिशा में अनेकों कदम उठाए, जिसके परिणाम हमें जमीनी स्तर पर देखने को मिल रहे हैं। युवाओं का रुझान भी खेलों की ओर बढ़ रहा है। खेल मंत्री ने कहा, एक घंटे हम सभी भारतवासी बाहर जाकर खेलें। खेलों को प्रोत्साहित करें। फिट इंडिया अभियान को तेजी दें। ऐसा करके हम खुद को फिट रख सकेंगे। उन्होंने आगे कहा, हमें संतुलित और स्वस्थ जीवन बनाए रखने में खेल मदद कर सकते हैं। उन्होंने सभी से राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर अपने परिवार और दोस्तों के साथ खेलों में शामिल होने और एक फिट और सक्रिय भारत के निर्माण की दिशा में एक कदम उठाने की अपील की। उल्लेखनीय है कि हॉकी के दिग्गज मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में हर साल 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। हर साल, राष्ट्रीय खेल दिवस अंतर्राष्ट्रीय मंच पर देश को गौरवान्वित करने में उनके योगदान के लिए हमारे खेल नायकों को एक सच्ची श्रद्धांजलि के रूप में मनाया जाता है।

### महाराष्ट्र में फिर दरिंदगी, पैरोल पर आए हत्या के आरोपी ने 15 वर्षीय लड़की से किया रेप

**मुंबई, एजेंसी।** पैरोल पर बाहर आए एक हत्या के आरोपी ने महाराष्ट्र के सांगली शहर में 15 वर्षीय एक लड़की के साथ कथित तौर पर बलात्कार किया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी संजय प्रकाश माने (34) को सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि माने 2011 में हुई हत्या के एक मामले में आरोपी है और दो महीने पहले ही पैरोल पर बाहर आया था। अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार रात करीब साढ़े नौ बजे लड़की दुकान पर जाने के लिए निकली थी, तभी आरोपी ने उसे रास्ते में रोक लिया और जबरन अपने घर ले जाकर उसके साथ बलात्कार किया। उन्होंने बताया कि लड़की ने शनिवार को अपनी मां को इस घटना की जानकारी दी, जिसके बाद शिकायत दर्ज कराई गई और दो घंटे के भीतर आरोपी को पकड़ लिया गया। अधिकारी ने बताया कि माने ने पिछले महीने भी लड़की के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ की थी। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक निजी स्कूल की कैंटीन में काम करने वाले एक नाबालिग ने सात वर्षीय छात्रा का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया। नायगांव थाने के वरिष्ठ निरीक्षक रमेश भामे ने बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के रहने वाले 16 वर्षीय आरोपी को हिरासत में ले लिया।

# भाजपा ने कांग्रेस के हाथ से छीना बड़ा मुद्दा चुनाव में दिखेगा यूनीफाइड पेंशन स्कीम का असर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकारी कर्मचारियों की लंबे समय से चल रही पुरानी पेंशन स्कीम की मांग मोदी सरकार ने यूनीफाइड पेंशन स्कीम लाकर लगभग पूरी कर दी है। कर्मचारियों की मांग थी कि रिटायरमेंट के बाद उन्हें हर महीने एक निश्चित राशि पेंशन के रूप में दी जाए। केंद्र सरकार ने एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के तहत केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों को आखिरी 12 महीने में निकाले गए औसत मूल वेतन के 50 फीसदी के बराबर पेंशन देने का फैसला कर लिया है और यह 1 अप्रैल 2025 से लागू हो जाएगा। बीजेपी को उम्मीद है कि आने वाले विधानसभा चुनावों में उसे इसका पूरा फायदा मिलेगा। ओपीएस ना लागू करने को लेकर लंबे समय से केंद्रीय कर्मचारी भी बीजेपी से नाराज चल रहे थे। दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव में भी इसका खासा असर देखने को मिल सकता है। हाल में हुए विधानसभा चुनावों में पुरानी पेंशन योजना बीजेपी को हराने का एक हथियार बन गई थी। हिमाचल प्रदेश में भी कांग्रेस ने सरकार बनने पर ओपीएस लागू करने की घोषणा की थी। हालांकि कांग्रेस की सरकार बनने के बाद भी ओपीएस लागू नहीं की गई। मध्य प्रदेश में भी कांग्रेस ने यह दांव खेला लेकिन कामयाब नहीं हो पाई। लोकसभा चुनाव में ओपीएस बड़ा मुद्दा नहीं बन पाई। हालांकि सरकारी कर्मचारियों की नाराजगी जाहिर भी थी। निरीक्षकों ने यह बात रखी थी कि आने वाले चुनावों में यह बड़ा मुद्दा हो सकता है। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के बाद इसका फायदा इन राज्यों में भी बीजेपी को मिल सकता है। वहीं इसी साल महाराष्ट्र और झारखंड में भी विधानसभा के चुनाव होने हैं। कैबिनेट के फैसले के बारे में बताते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, कांग्रेस ने राजस्थान और हिमाचल प्रदेश में ओपीएस का वादा किया लेकिन फिर इसे लागू नहीं किया और जनता को ठगने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कर्मचारियों के प्रति हमेशा ही असंवेदनशील रही है। यह राजस्थान और हिमाचल प्रदेश में देखने को भी मिला। यूनीफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) के तहत सरकार ने कर्मचारियों को निश्चित राशि पेंशन के रूप में देने का फैसला किया है। 25 साल की सेवा पूरी करने वाले कर्मचारियों को हर महीने आखिरी बेसिक सैलरी का 50 फीसदी पेंशन के रूप में दिया जाएगा। वहीं 10 साल से कम की सेवा करने वालों को न्यूनतम 10 हजार रुपये के पेंशन दी जाएगी। इसके अलावा 10 से 25 साल के बीच सेवा देने वाले कर्मचारियों को समानुपातिक रूप से पेंशन दी जाएगी। एनपीएस की तरह कर्मचारियों के पेंशन स्कीम में निवेश करना होगा। हालांकि यह 10 फीसदी ही रहेगा और बाकी 18.5 फीसदी सरकार निवेश करेगी। अगर कर्मचारी की सेवा के दौरान मौत हो जाती है तो परिवार को सैलरी का 60 फीसदी पेंशन के रूप में दिया जाएगा। पेंशन पर महंगाई के हिसाब से बढ़ोतरी भी करने का प्रावधान है। केंद्रीय कर्मचारियों के बाद यह नियम राज्य सरकारें भी लागू कर सकती हैं। इससे फिलहाल केंद्र के 23 लाख कर्मचारियों को लाभ मिलेगा।

## हिंदू बांग्लादेश में रहकर लड़ रहे हैं, मुसलमान भारत में घुसपैठ कर रहेः हिमंत विश्व शर्मा

**दिसपुर, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को दावा किया कि पड़ोसी बांग्लादेश में व्याप्त अस्थिरता के बावजूद वहां के हिंदुओं ने भारत में प्रवेश करने की कोशिश नहीं की है। शर्मा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हिंदू बांग्लादेश में रह रहे हैं और लड़ रहे हैं। पिछले एक महीने में, एक भी हिंदू को भारत में प्रवेश करने की कोशिश करते नहीं पकड़ा गया है।'' उन्होंने यह भी कहा कि पड़ोसी देश के मुसलमान भारत के कपड़ा क्षेत्र में रोजगार तलाशने के लिए घुसपैठ करने का प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने दावा किया, ''पिछले एक महीने में 35 मुस्लिम घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया है... वे प्रवेश करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन जो लोग आ रहे हैं वे असम के लिए नहीं, बल्कि कपड़ा उद्योग में काम करने के लिए बेंगलुरु, तमिलनाडु, कोयंबटूर जाने के लिए आ रहे हैं।

## मार्च 2026 तक देश को नक्सली हिंसा से मुक्त करा देंगेः अमित शाह

**रायपुर, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि नक्सलियों से लड़ाई आखिरी चरण में है और यदि वे



अपना रास्ता नहीं बदलते हैं तो अंतिम प्रहार होगा और हम देश को मार्च 2026 तक नक्सल समस्या से मुक्त कर लेंगे। यह बात उन्होंने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में नक्सल प्रभावित राज्यों की अंतरराज्यीय समीक्षा बैठक के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ रूथलेस (निर्मम) रणनीति के साथ अंतिम प्रहार करने का वक्त आ गया है। हमारा मानना है कि वामपंथी उग्रवाद देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। पिछले चालीस सालों में करीब 17 हजार लोगों की जान गई है। जब से केंद्र में मोदी सरकार बनी इस समस्या को चैलेंज के रूप में स्वीकार किया। शाह ने कहा, जिनके हाथ में हथियार है उनके हाथ से हथियार छुड़ाना और जो नहीं छोड़ रहे हैं उन्हें इंगेज करने की दिशा में काम किया गया। इसके साथ ही वामपंथ उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्र का विकास करना भी हमारी प्राथमिकता रही है। कई उपलब्धियां रही हैं। साल 2022 में चार दशकों में मृत्यु का प्रतिशत सबसे कम रहा। टॉप 14 नक्सली लीडर्स को मार गिराया गया। हमने दो उद्देश्यों को लेकर काम किया। पहला नक्सल क्षेत्रों में कानून का शासन स्थापित करना और दूसरा इन इलाकों को विकसित करना। केंद्रीय गृहमंत्री ने आगे कहा, बिहार, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश और कुछ हद तक महाराष्ट्र नक्सल समस्या से मुक्त हुआ है। वर्ष 2004 से 2014 तक 16 हजार घटनाएं हुई थीं और 2014 के बाद से अब तक करीब सात हजार घटनाएं हुई हैं। करीब 53 प्रतिशत की कमी आई है। शाह ने आगे कहा, 'वामपंथी उग्रवाद की वजह से लोग निरक्षर रह गए हैं उन्हें साक्षर बनाने राज्य सरकार और केंद्र सरकार पहल करेगी। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए ) की तर्ज पर एसआईए बनाएंगे।

## कुमार विश्वास ने की राहुल गांधी व प्रियंका की तारीफ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकप्रिय कवि कुमार विश्वास ने कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को भला आदमी बताते हुए काफी प्रशंसा की है। साथ ही, यह भी कहा कि राहुल गांधी धूर्तता से नहीं, बल्कि मनुष्यता से चलते हैं। इसके अलावा, उन्होंने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के बारे में बताया कि उनके पास पूर्व प्रधानमंत्री और उनकी दादी इंदिरा गांधी की छवि है और वह अच्छा बोलना भी जानती हैं। शुभांकर मिश्रा के साथ पॉडकास्ट में बात करते हुए कुमार विश्वास से जब सवाल किया गया कि राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल में विपक्ष का बड़ा नेता कौन है तब उन्होंने इसका सीधा जवाब तो नहीं दिया, लेकिन राहुल गांधी के बारे में कई बातें कहीं। कुमार विश्वास ने कहा, राहुल गांधी मनुष्य बेहतर हैं। भले आदमी हैं। मैंने जब चुनाव लड़ा था, तब उनके बारे में काफी खराब बातें बोलीं, लेकिन उनका मेरे प्रति व्यवहार काफी गर्मजोशी वाला रहा, उससे लगता है कि उनके अंदर मानवता ज्यादा है। राजनीति और परिवार, दोनों में ही मनुष्यता से चलते हैं, नाकि धूर्तता से। वहीं, कुमार विश्वास से जब यह पूछा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कौन टक्कर दे सकता है, इस पर उन्होंने जवाब दिया कि यह तो जनता तय करेगी, लेकिन मुझे एक वोट देना है, उसे चुनाव के समय दे आऊंगा। इसके अलावा, कुमार विश्वास से यह भी सवाल हुआ कि राहुल गांधी या प्रियंका गांधी, दोनों में किसकी अगुवाई में कांग्रेस सरकार आ सकती है।

# राजस्थान बीजेपी प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल का हो रहा है विरोध?

**जयपुर, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल अपने पहले दौरे में ही पार्टी के अंदर गुटबाजी का शिकार हो गए। भाजपा की सदस्यता अभियान कार्यशाला के दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के बीच में उठकर चले जाने पर अग्रवाल ने नाराजगी जताई, जिससे राठौड़ समर्थकों ने सोशल मीडिया पर आक्रोश व्यक्त किया। जबकि कांग्रेस कार्यकर्ता इसलिए नाराज है कि देश के पहले पीएम पं. जवाहर लाल नेहरू और पूर्व पीएम राजीव गांधी के बारे में विवादित टिप्पणी की है। राजस्थान में जगह-जगह राधा मोहन अग्रवार का पुलता फूंका गया है। हालांकि, राजेंद्र राठौड़ ने समर्थकों मनाने की कोशिश की है। एक्स पर लिखा- सोशल मीडिया पर कुछ लोग मेरे और भाजपा संगठन के प्रति भ्रम फैलाकर अनर्गल ट्रेंड चला रहे हैं जिसका मैं विरोध करता हूं। मैंने अपना पूरा राजनीतिक जीवन भाजपा संगठन के लिए समर्पित किया है और भविष्य में भी एक कार्यकर्ता के रुप में संगठन को मजबूती देने के लिए अनवरत कार्यरत रहूंगा। मेरी सभी समर्थकों और कार्यकर्ताओं से अपील है कि सोशल मीडिया पर अनर्गल टिप्पणियां ना करें। भाजपा है तो हम हैं। बता दें अग्रवाल से पहले अरुण सिंह प्रदेश प्रभारी थे। लेकिन उन्होंने कभी कांग्रेस और बीजेपी की अंदरुनी राजनीती को लेकर कभी



तल्ख टिप्पणी नहीं की थी। राजेंद्र राठौड़ ने समर्थकों के इस विरोध के लिए पार्टी से माफी मांगी और स्थिति को संभालने की कोशिश की। इस घटना ने भाजपा में चल रही गुटबाजी को एक बार फिर उजागर कर दिया है, जहां प्रदेश प्रभारी द्वारा अनुशासनहीनता का आरोप लगाना और राठौड़ समर्थकों द्वारा विरोध करना पार्टी के अंदरूनी विवादों की ओर इशारा करता है। राजस्थान बीजेपी के नए प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल कांग्रेस पर जमकर बरसे। उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कांग्रेस का इतिहास शूरू से ही दंगों का इतिहास रहा है। उन्होंने भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और राजीव गांधी पर भी बड़ा विवादित बयान देते हुए हमला किया। उन्होंने कहा कि नेहरू लाशों पर बैठकर पीएम बने। यही नहीं उन्होंने राजीव गांधी को लेकर भी कहा दिया कि उन्होंने तो सिखों के दंगे कराए हैं। इधर, बीजेपी प्रभारी के बयान के बाद कांग्रेस में बवाल हो गया है। टीकाराम जूली ने साधा निशाना भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की भाषा हमेशा से अमर्यादित रही है और उसी क्रम में राजस्थान के नए प्रभारी राधामोहन अग्रवाल जिस प्रकार की भाषा शैली अपनी पार्टी के नेताओं के लिए उपयोग कर रहे हैं उसी क्रम में विपक्ष के दिग्गज नेता पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवम् पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट जी के लिए उपयोग किए गये शब्दों की जितनी निंदा की जाए उतना कम है ! ऐसे बयानों से साफ़ प्रतीत होता है कि भाजपा पूर्णतः विषैली मानसिकता युक्त लोगों से भरी हुई है।

## लोकसभा चुनाव में झटके के बाद ओबीसी वोट पर बीजेपी की नजर, शिवराज सिंह चौहान को उतारा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में झटका खाने के बाद बीजेपी अब अन्य पिछड़ा वर्ग और अत्यंत पिछड़ा वर्ग का विश्वास हासिल करने में जुटी है। बीजेपी ने पिछड़े वर्ग का विश्वास जीतने के लिए अपने बड़े ओबीसी चेहरे और मध्य प्रदेश के पूर्व लोकप्रिय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को चुना है। बीजेपी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को एक कार्यक्रम में बुलाया था। यह कार्यक्रम सीतामढ़ी के धनुक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रामपाल मंडल की याद में आयोजित किया गया था। चुनाव के वक्त कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल संविधान और आरक्षण के मुद्दे पर बीजेपी को घेरते रहते हैं। इसी बीच पिछड़े वर्ग के कार्यक्रम में पहुंचे शिवराज सिंह चौहान ने कहा, हमारे विरोधी केवल बड़े-बड़े दावे करते हैं। अगर किसी ने वास्तव में पिछड़े वर्ग का सामान्य है तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। उन्होंने कहा, मोदी जी ने ओबीसी आयोग को



संवैधानिक बनाया। सभी पिछड़े वर्गों और अत्यंत पिछड़े वर्ग को सम्मान दिया गया। मोदी जी ने अन्य पिछड़े वर्ग के अध्ययन के लिए आरक्षण सुनिश्चित किया। केवल बीजेपी सरकार ने ही पिछड़े वर्ग के भले की दिशा में काम किए हैं। रामपाल मंडल को याद करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि उन्होंने चार अंग्रेज अफसरों को मार गिराया और उसके बाद कोर्ट में खुशी-खुशी सजा भी स्वीकार कर ली। हाथ में भगवद्गीता लेकर और भारत माता की जय बोलते हुए वह फांसी पर चढ़ गए। उनके पैर भी नहीं कांप रहे थे। मंडल के वकील कहते रहे कि वह अपने जुर्म का इकबाल ना करें। हालांकि रामपाल मंडल ने शहीद हो जाने का रास्ता चुना। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मोदी सरकार ने ग्रामीण और शहरी इलाकों में एक करोड़ लोगों का घर का सपना साकार किया है। वहीं पांच साल में बिहार में ही 13 लाख घर बनवाए गए हैं। बता दें कि लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में बीजेपी का प्रदर्शन अच्छा नहीं था। बीजेपी ने 80 में से 33 सीटों पर जीत हासिल की थी। माना जाता है कि ओबीसी और दलित वोट बीजेपी को उम्मीद के मुताबिक नहीं मिले। वहीं बिहार में कुशवारा और अन्य पिछड़ा वर्ग के वोट इंडिया गठबंधन में शिफ्ट हो गए। 10 लाख से ज्यादा के अंदर से लोकसभा चुनाव जीतने वाले शिवराज सिंह चौहान को मोदी सरकार में इसीलिए जगह दी गई है कि वह पिछड़े वर्ग की वोटों को साध सकें। वह बीजेपी के ओबीसी चेहरों में सबसे ज्यादा लोकप्रिय नेता माने जाते हैं।

## तोता सहित पक्षियों को कैद करने, खरीदने और बेचने पर सजा, छत्तीसगढ़ में वन विभाग हुआ सख्त

**रायपुर, एजेंसी।** बीजेपी शासित एक राज्य में तोतों और अन्य पक्षियों की खरीद-बिक्री पर रोक लगा दी गई है। इसके बावजूद पक्षियों की हो रही खरीद-बिक्री पर वन विभाग ने कड़ा संज्ञान लिया है। राज्य के प्रधान वन संरक्षक एवं वन प्रमुख ने कानूनन संरक्षण पाए जाने वाले तोतों और अन्य पक्षियों की राज्य के समस्त क्षेत्रों में धड़ल्ले से हो रही बिक्री पर रोक लगा दी थी। विभाग ने माना है कि उस आदेश पर कार्रवाई न करने के कारण पक्षी प्रेमियों में व्यापक रोष है।

छत्तीसगढ़ के वन विभाग ने अपने आदेश में समस्त वन संरक्षक एवं वन मंडलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि उनके अनुमंडल क्षेत्र के अंतर्गत किसी भी स्थान में यदि तोतों एवं अन्य पक्षियों की, जो वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम में है, उनकी खरीदी एवं बिक्री पर तत्काल रोक लगाएं। इस संबंध में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए और आम जनता तक यह सूचना प्रसारित की जाए कि तोता एवं अन्य पक्षी को घरों में पालना एवं खरीदी बिक्री वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध की श्रेणी में आता है। इसमें सजा का प्रावधान है। वन विभाग ने इस बात पर खेद जताया कि वन संरक्षक एवं वन मंडलाधिकारियों ने अभी तक इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति भी जारी नहीं किया है।

विभाग ने अपने आदेश में आगे कहा है कि इस



संबंध में आपको एक बार फिर निर्देश दिया जाता है कि प्रदेश में कानूनन संरक्षण पाए तोतों और अन्य पक्षियों एवं प्रतिबंधित वन्यजीव की बिक्री के खिलाफ तत्काल नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करें। किसी अधिकारी का नाम एवं पदनाम, मोबाइल नम्बर जारी करें जिसे इस संबंध में सूचना दी जा सके।

साथ ही टोल फ्री नम्बर 18002337000 (मुख्यालय स्तर) पर भी शिकायतें दर्ज कर कार्रवाई की जाए। इस संबंध में समय-समय पर वनमंडल का उड़नदस्ता द्वारा ऐसी गतिविधियों पर रोक के लिए निगरानी कर कार्रवाई सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इस आदेश के बाद ऐसा माना जा रहा है कि राज्य में अब पक्षी पिंजरों में कैद नहीं होंगे।

## महबूबा मुफ्ती ने कांग्रेस-नेकां से गठबंधन के लिए रखी शर्त, भाजपा के साथ गठबंधन की संभावना से किया इनकार

**जम्मू, एजेंसी।** पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि वह जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस-नेशनल कांफ्रेंस गठबंधन को पूर्ण समर्थन देने के लिए तैयार हैं। हालांकि इसके लिए उन्होंने शर्त रखी है कि गठबंधन को उनकी पार्टी के एजेंडे को स्वीकार करना होगा। महबूबा ने यह भी कहा कि ऐसा होने पर वह विधानसभा चुनाव में सभी सीट गठबंधन के लिए छोड़ देंगी। महबूबा ने भाजपा के साथ गठबंधन की संभावना से भी इनकार किया, जिसके साथ पीडीपी ने पहले गठबंधन सरकार चलायी थी। नेकां प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन की घोषणा की है। नब्बे-सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान तीन चरणों (18 सितंबर, 25 सितंबर और एक अक्टूबर) में होंगे और मतों की गिनती चार अक्टूबर को होगी। महबूबा ने कहा कि गठबंधन और सीट बंटवारे की बात भूल जाइए। अगर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) हमारा एजेंडा (कश्मीर मुद्दे का समाधान और मार्गों को खोलने के संबंध में कदम उठाना) स्वीकार करने



के लिए तैयार हैं, तो हम उनसे कहेंगे कि वे सभी सीट पर चुनाव लड़ें और हम आपका पूर्ण समर्थन करेंगे। जब महबूबा से पूछा गया कि क्या कांग्रेस ने पीडीपी के साथ गठबंधन के लिए संपर्क किया है, तो उन्होंने कहा कि मेरे लिए कश्मीर समस्या का समाधान किसी भी अन्य चीज से ज्यादा महत्वपूर्ण है। महबूबा विधानसभा चुनाव के लिए पीडीपी का घोषणा-पत्र जारी होने के बाद पत्रकारों से बात कर रही थीं। पीडीपी अध्यक्ष महबूबा ने कहा कि चाहे आप मुझे तीन या चार सीट दें, इससे मुझे कोई मतलब नहीं है। जब हमने कांग्रेस या भाजपा के साथ गठबंधन किया था, तो यह हमारे एजेंडे में था। नेकां और कांग्रेस ने किसी एजेंडे पर नहीं, बल्कि सीट बंटवारे के लिए गठबंधन किया है और हम ऐसे गठबंधन पर चर्चा नहीं करेंगे, जिसमें केवल सीट बंटवारे की बात हो। उन्होंने कहा कि हमारा गठबंधन एक एजेंडे पर आधारित होना चाहिए और हमारा एजेंडा जम्मू-कश्मीर मुद्दे का समाधान ढूंढना है। नेशनल कॉन्फ्रेंस की तरह पीडीपी ने भी सत्ता में आने पर जम्मू-कश्मीर के लोगों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को 12 मुफ्त गैस सिलेंडर, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में चीनी और केरोसिन वापस लाने की घोषणा की है।

पार्टी के घोषणापत्र में कहा गया है कि वह संपत्ति खरीदने वाली महिलाओं के लिए शून्य स्टांप शुल्क की अपनी नीति को फिर से लागू करने के साथ ही संपत्ति कर को समाप्त करेगी। पीडीपी ने घोषणापत्र में सभी परिवारों के लिए आवास और रियायती दरों पर लकड़ी उपलब्ध कराने तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत मिलने वाली राशि को 1000 रुपये से बढ़ाकर 2000 रुपये करने का वादा भी किया है। पार्टी ने जम्मू-कश्मीर बैंक के ऋण ग्राहकों के लिए एकमुश्त निपटान योजना की समीक्षा करने की भी बात कही है।

## संक्षिप्त समाचार

बैडमिंटनः

### भारत की तन्वी ने किया गौरवान्वित




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की जूनियर बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी पात्री ने रविवार को चीन में आयोजित बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 जूनियर चैंपियनशिप में अंडर-15 महिला एकल का खिताब जीत लिया। फाइनल में तन्वी ने वियतनाम की दूसरी वरीयता प्राप्त गुयेन थी थू ह्यूगेन को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया।

### जो रूट सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने वाले इंग्लिश क्रिकेटर बने



**मैनचेस्टर, एजेंसी।** इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट श्रीलंका के खिलाफ पहले मैच जीतने के बाद टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने वाले इंग्लिश खिलाड़ी बन गए हैं। जब इंग्लैंड का स्कोर 56/2 था तो रूट ने 205 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अपनी क्लास, संयम और क्लच गेम का प्रदर्शन करते हुए 128 गेंदों में दो चौकों की मदद से नाबाद 62 रन बनाए। इससे पहले उन्होंने पहली पारी में 42 रन बनाए थे। अब रूट के इंग्लैंड के लिए 64 अर्धशतक हो गए हैं जो उनकी टीम के किसी बल्लेबाज द्वारा सबसे ज्यादा और कुल मिलाकर तीसरे सबसे ज्यादा हैं। वे सबसे ज्यादा टेस्ट अर्धशतकों की सूची में वेस्टइंडीज के शिवनारायण चंद्रपॉल (66 अर्धशतक) और भारतीय आइकन सचिन तेंदुलकर (68 अर्धशतक) से पीछे हैं।

यह रूट का चौथी पारी में 10वां पचास से अधिक का स्कोर भी था, जो खेल के इस चरण पर उनकी अपार महारत और नियंत्रण को दर्शाता है। उनसे आगे माइकल एथरटन, एलिस्टेयर कुक जैसे महान खिलाड़ी हैं जिन्होंने चौथी पारी में 11-11 अर्धशतक बनाए हैं।

रेसलिंगः

### भारत की अंडर-17 महिला कुश्ती टीम जॉर्डन के अम्मान में फंसी

**अम्मान, एजेंसी।** अम्मान में भारतीय दल के एक सूत्र ने कहा, 'युवा महिला पहलवानों की उड़ान छूट गई। इस बात को लेकर काफी भ्रम है कि आखिर हुआ क्या था। युवा पहलवानों के लिए अलग उड़ान बुक नहीं की जानी चाहिए थी।

भारत की अंडर-17 महिला कुश्ती टीम विश्व चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के बाद स्वदेश वापसी की उड़ान छूटने के कारण शनिवार को जॉर्डन के अम्मान में क्वीन आलिया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फंस गई। नौ महिला पहलवानों और तीन कोच को शनिवार शाम को भारत वापस लौटना था, लेकिन उनकी अलग-अलग उड़ानों में बुकिंग हो गई थी।

# शिखर धवन के बाद अब ये 11 खिलाड़ी भी ले सकते हैं संन्यास, नेशनल टीम में वापसी संभव नहीं



**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्टार भारतीय बल्लेबाज शिखर धवन ने 24 अगस्त (शनिवार) को इंटरनेशनल और घरेलू क्रिकेट से रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया था. धवन ने एक वीडियो पोस्ट के जरिए इस बात की जानकारी दी. धवन ने क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया, लेकिन व्हाइट बॉल में उनका रिकॉर्ड काफी शानदार रहा. 38 वर्षीय धवन साल 2013 में चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा रह चुके हैं.

धवन के रिटायरमेंट के बाद अब कुछ और भारतीय क्रिकेटर आने वाले समय में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले सकते हैं. इन खिलाड़ियों को काफी समय से मौके नहीं मिले हैं और फ्यूचर में भी ऐसा होने की संभावना नहीं है. वैसे भी युवाओं को तवज्जो मिलने के चलते ऐसे खिलाड़ियों के लिए नेशनल टीम में वापसी बेहद मुश्किल है. इस लिस्ट में एक वर्ल्ड चैम्पियन खिलाड़ी भी शामिल है, जिसने 2011 के क्रिकेट वर्ल्ड कप में भाग लिया था.

#### पीयूष चावलाः

35 साल के पीयूष चावला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2011 में भारतीय टीम का पार्ट रहे थे. पीयूष आखिरी बार दिसंबर 2012 में भारत के लिए खेलते दिखे थे.

दाएं हाथ के स्पिनर पीयूष ने भारत की ओर से तीन टेस्ट, 25 वनडे और 7 टी20 मैच खेले हैं. उनके नाम सात टेस्ट, 32 वनडे और 4 टी20 इंटरनेशनल विकेट दर्ज हैं. पीयूष ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व किया था.

#### ऋद्धिमान साहाः

महेंद्र सिंह धोनी के टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट के बाद ऋद्धिमान साहा को बतौर विकेटकीपर काफी मौके मिले थे. हालांकि बाद में साहा का करियर ढलान की ओर चला गया. ऋद्धिमान साहा ने आखिरी बार साल 2021 में न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबला खेला था.

40 टेस्ट और 9 वनडे इंटरनेशनल खेल चुके ऋद्धिमान साहा 39 साल के हो चुके हैं. केएस भरत, ईशान किशन, ध्रुव जुरेल और ऋषभ पंत के रहते साहा के लिए टीम में वापसी के दरवाजे पूरी तरह बंद हो गए हैं.

#### ईशांत शर्माः

एक समय तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम के अहम सदस्य हुआ करते थे, लेकिन अब उनका करियर एक तरह से समाप्त हो चुका है. ईशांत शर्मा ने भारत के लिए 105 टेस्ट, 80 वनडे और 14 टी20 मुकाबले खेले हैं. ईशांत ने टेस्ट में 311, वनडे इंटरनेशनल में 115 और टी20 इंटरनेशनल में 8 विकेट चटकाए. नवंबर 2021 में न्यूजीलैंड के खिलाफ उन्होंने आखिरी टेस्ट मैच खेला था.

35 साल के ईशांत शर्मा की शायद ही वापसी हो क्योंकि भारतीय टीम अब युवा तेज गेंदबाजों को मौके दे रही है.

#### अमित मिश्राः

दाएं हाथ के लेगब्रेक बॉलर अमित मिश्रा ने भी अभी तक आधिकारिक तौर पर इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा नहीं की है. अमित ने आखिरी बार 2017 में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया था, जब वो इंग्लैंड के खिलाफ टी20 मैच में उतरे. 41 वर्षीय अमित ने भारत के लिए 22 टेस्ट, 36 वनडे और 10 टी20 मैच खेले. इस दौरान उन्होंने 156 विकेट चटकाए है. आईपीएल 2024 में अमित लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेले थे.

#### करुण नायरः

टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए वीरेंद्र सहवाग के अलावा सिर्फ करुण नायर ने तिहरा शतक बनाया हुआ है. हालांकि उस ट्रिपल सेंचुरी के बाद 31 साल के करुण नायर का ग्राफ ऊपर बढ़ने के बजाय गिरता चला गया.

आखिरी बार करुण नायर ने साल 2017 में भारत के लिए कोई मुकाबला खेला. करुण अब घरेलू क्रिकेट भी काफी कम खेल रहे हैं, ऐसे में उनकी वापसी काफी मुश्किल है. करुण ने भारत के लिए छह टेस्ट और दो वनडे मैच खेले हैं.

#### मनीष पांडेः

मडिल ऑर्डर बल्लेबाज मनीष पांडे की कहानी भी करुण नायर की तरह ही है. 34 साल के मनीष पांडे को जितने मौके मिले, उसे वह ठीक से भुना नहीं पाए. पांडे ने भारत के लिए 29 टेस्ट और 39 टी20 मैच खेले.

इस दौरान उन्होंने वनडे इंटरनेशनल में 566 और टी20 इंटरनेशनल में 709 रन बनाए. पांडे ने भारत के लिए अपना आखिरी मैच जुलाई 2021 में खेला था.

#### ऋषि धवनः

हिमाचल प्रदेश के ऑलराउंडर ऋषि धवन भी इंटरनेशनल लेवल पर भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं. ऋषि भारत के लिए तीन वनडे एवं एक टी20 इंटरनेशनल मुकाबला खेल चुके हैं. इस दौरान उन्होंने ओडीआई और टी20 इंटरनेशनल दोनों में ही 1-1 विकेट लिए. 34 साल के ऋषि आखिरी बार जून 2016 में भारत के लिए खेले थे.

#### मोहित शर्माः

दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहित शर्मा ने अपने करियर में भारतीय टीम के लिए 26 वनडे और 8 टी20 इंटरनेशनल मैचों में भाग लिया है. इस दौरान एकदिवसीय प्रारूप में उन्होंने 31 विकेट लिए. वहीं टी20 इंटरनेशनल में उन्होंने 6 खिलाड़ियों को अपना शिकार बनाया. 35 साल के मोहित ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच साल 2015 में खेला था. अब उन्हें चांस मिलना मुश्किल है. मोहित आईपीएल में गुजरात टाइटन्स के लिए खेलते हैं.

#### उमेश यादवः

दाएं हाथ के तेज गेंदबाज उमेश यादव काफी महीनों से टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं. उमेश ने भारत के लिए अपना पिछला मुकाबला पिछले साल जून में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था.

36 साल के उमेश ने अब तक भारत के लिए 57 टेस्ट, 75 वनडे और नौ टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले हैं. टेस्ट मैचों में उमेश ने 30.95 की औसत से 170 विकेट चटकाए हैं. इसके अलावा उमेश ने वनडे इंटरनेशनल में 106 और टी20 इंटरनेशनल में 12 विकेट लिए.

#### भुवनेश्वर कुमारः

तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार लगभग दो सालों से इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर हैं. भुवी भारत के लिए आखिरी बार वह नवंबर 2022 में खेलते दिखे थे. वैसे भी भारत के लिए 2013 में पदार्पण करने के बाद भुवनेश्वर लगातार चोटों से जूझते रहे हैं.

34 साल के भुवी ने महज 21 टेस्ट, 121 वनडे और 87 टी20 मैच खेले हैं. उन्होंने इस दौरान 294 विकेट लिए. भारकीय तेज गेंदबाजी यूनिट में युवा गेंदबाजों के आने से शायद ही उन्हें आगे मौका मिले.

#### जयंत यादवः

दाएं हाथ के स्पिनर जयंत यादव को भी भारत के लिए खेलने का चांस मिला. जयंत ने भारत के लिए 6 टेस्ट और दो वनडे मैच खेले. जयंत ने टेस्ट क्रिकेट में 16 विकेट लेने के अलावा 248 रन बनाए. वहीं वनडे इंटरनेशनल में उन्होंने 2 विकेट लिए. 34 साल के जयंत आखिरी बार मार्च 2022 में भारत के लिए खेले थे.



### युवराज सिंह दिल्ली कैपिटल्स के कोच बन सकते हैं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व स्टार ऑलराउंडर युवराज सिंह की इंडियन प्रीमियर लीग में 5 साल बाद वापसी हो सकती है। लेकिन, उनका रोल बदलेगा। वे दिल्ली कैपिटल्स के कोच बनाए जा सकते हैं। स्पोर्ट्स स्टार ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि दिल्ली की फ्रेंचाइजी ने युवराज से कोच बनने के लिए संपर्क किया है। फिलहाल, बातचीत जारी है। कोच की पोस्टे वाले रिकी पोंटिंग ने भी इस बात के संकेत दिए थे। उन्होंने कहा था कि फ्रेंचाइजी मुख्य कोच की भूमिका के लिए किसी पूर्व भारतीय क्रिकेटर की तलाश कर रही है।

#### GT के कोच बनने की भी अटकलें थीं

पिछले महीने युवराज के गुजरात टाइटंस का कोच बनने की खबरें आई थी। इस मामले में ताजा जानकारी है कि नेहरा गुजरात के हेड कोच बने रह सकते हैं। गुजरात की टीम बैटिंग कोच गैरी कस्टर्न की जगह किसी भारतीय कोच तलाश रही है। कस्टर्न गुजरात की टीम को छोड़कर पाकिस्तान की नेशनल टीम के कोच बन गए हैं।

#### रिकी पोंटिंग ने पिछले महीने छोड़ा था पद

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग ने पिछले महीने दिल्ली कैपिटल्स के हेड कोच का पद छोड दिया था। वे पिछले 7 सीजन से दिल्ली कैपिटल्स से जुड़े थे। दिल्ली की टीम पिछले तीन सीजन से प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रही है।

# इंग्लैंड ने श्रीलंका को हराकर डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल में लगाई लंबी छलांग

## पाकिस्तान समेत इन टीमों को पीछे छोड़ा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड ने शनिवार (24 अगस्त) को तीन मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट में श्रीलंका को पांच विकेट से हरा दिया। ओली पोप की अगुआई वाली टीम ने चौथी पारी में 205 रनों के लक्ष्य को 57.2 ओवर में पांच विकेट खोकर हासिल कर मैनचेस्टर टेस्ट जीत लिया। इसके साथ ही सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।



दुनिया के नंबर 1 टेस्ट बल्लेबाज जो रूट ने दूसरी पारी में 128 गेंदों पर नाबाद 62 रन बनाकर इंग्लैंड की टीम के लिए शीर्ष स्कोरर रहे। उन्होंने पहली पारी के शतकवीर जेमी स्मिथ (39) के साथ पांचवें विकेट के लिए 64 रन जोड़े। पहले टेस्ट में धनंजय डी सिल्वा की अगुवाई वाली टीम को हराकर इंग्लैंड ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 की अंक तालिका में लंबी छलांग लगाई है। वह 7वें से नंबर 4 पर पहुंच गई है। इंग्लैंड का पीसीटीत41.07 है।

#### इंग्लैंड ने श्रीलंका, साउथ अफीका और पाकिस्तान को पीछे छोड़ा

इंग्लैंड ने श्रीलंका, साउथ अफ्रीका और पाकिस्तान को पीछे छोड़ा। श्रीलंका की टीम चौथे स्थान से 40.00 पीसीटीत के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। साउथ अफ्रीका नंबर 6 और पाकिस्तान 7वें नंबर पर खिसक गया है। शान मसूद की अगुआई वाली टीम वर्तमान में बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रही है, यदि नजमुल हुसैन शांतो की अगुआई वाली टीम रविवार (25 अगस्त) को पहले टेस्ट में जीत जाती है, तो वह अंक तालिका में बांग्लादेश से नीचे खिसक जाएगी।

#### भारत पहले नंबर पर

डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में नंबर 1 स्थान पर रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम है। दो बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में हारने वाली टीम का 68.52 पीसीटीत है। दूसरे नंबर पर 2023 की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया है, जिसके 62.50 पीसीटीत है।

### संजू सैमसन आईपीएल 2025 में सीएसके से खेलते आएंगे नजर?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 में कई बदलाव देखने को मिल सकते हैं. अब तक कई बड़े खिलाड़ियों के दूसरी टीमों में जाने की खबर आ चुकी है. ताजा रिपोर्ट और भी ज्यादा हैरान करने वाली है.



अब खबर आई है कि विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन आगामी सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स लिए खेलते दिख सकते हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, चेन्नई सुपर किंग्स संजू सैमसन को अपनी टीम में लेना चाहती है. रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि चेन्नई काफी पहले से सैमसन को टीम में लाना चाहती है. हालांकि, चेन्नई ट्रेड के जरिए ही सैमसन को अपनी टीम में शामिल कर सकती है.

### भारत पेरिस पैरालंपिक में 25 से अधिक पदक जीतेगा - देवेन्द्र झाझरिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टोक्यो पैरालंपिक में शानदार प्रदर्शन के बाद, भारत अपने प्रदर्शन को बेहतर करने का लक्ष्य बना रहा है क्योंकि देश आगामी पेरिस पैरालंपिक के लिए अपना अब तक का सबसे बड़ा दल भेज रहा है। इस बार मेगा इवेंट में 84 पैरा-एथलीटों के भाग लेने के साथ, भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया को भरोसा है कि भारत पिछले संस्करण की पदक तालिका को पार कर जाएगा।



तीन पैरालंपिक पदक और विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कई प्रशंसाओं के साथ, झाझरिया इस भूमिका में अनुभव और प्रेरणा का खजाना लेकर आए हैं। आईएएनएस के साथ एक विशेष बातचीत में, झाझरिया ने भारत की बढ़ी हुई तैयारियों, एथलीटों को आगे बढ़ाने वाली सहायता प्रणाली और आगामी खेलों से अपनी उम्मीदों के बारे में जानकारी साझा की।

झाझरिया भारतीय पैरा-एथलीटों के बेहतर प्रदर्शन और तैयारियों का श्रेय सरकार के उच्चतम स्तर के अटूट समर्थन और मजबूत खेल विकास कार्यक्रमों को देते हैं।

पिछले तीन वर्षों में हमारे एथलीटों की तैयारी और उनकी कड़ी मेहनत को देखते हुए, मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि इस बार हम 25 से अधिक पदक जीतेंगे। एथलीट अपनी योजनाओं के अनुसार लगन से प्रशिक्षण ले रहे हैं, और उनके प्रयास स्पष्ट हैं।

## 9 विकेट लेकर मचाया हड़कंप, टीम को जिताया टी-20 मैच, भारतीय क्रिकेट में आया एक और प्रभाकर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** 90 के दशक में मनोज प्रभाकर टीम इंडिया के स्ट्राइक गेंदबाज थे. और, अब एक और प्रभाकर ने भारतीय क्रिकेट में दस्तक दे दी है.

25 साल के अभिषेक प्रभाकर ने 9 विकेट लेकर महाराजा टी-20 ट्रॉफी में खलबली मचा दी है. वो अपनी टीम के लिए हीरो साबित हो रहे हैं. और, ये सब उनकी गेंदबाजी के कमाल की बदौलत मुमकिन हो रहा है. अभिषेक प्रभाकर ने महाराजा टी-20 ट्रॉफी में 9 विकेट लेने के 75 रन खर्च किए हैं.

#### 4 दिन के अंदर 3 मैच और 9 विकेट

अब आप सोच रहे होंगे कि 20 ओवर का टी-20 मैच, जिसमें हरेक गेंदबाज के कोटे में सिर्फ 4 ओवर होता है. ऐसे में अभिषेक प्रभाकर के लिए 9 विकेट ले पाना मुमकिन हुआ कैसे? तो अभिषेक प्रभाकर ने 9 विकेट एक मैच में नहीं बल्कि 4 दिन के अंदर खेले 3 मैचों को मिलाकर हासिल किए हैं. और, जिसमें उनका बेस्ट प्रदर्शन 4 ओवर में 21 रन पर 5 विकेट झटकने का है.

अभिषेक प्रभाकर ने ये मैच 24 अगस्त की शाम मैसुरू वॉरियर्स के खिलाफ खेला था.

# खेल की सीमाओं से परेः पैरालंपिक टेबल टेनिस में कैसे होता है खिलाड़ियों का वर्गीकरण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पैरालंपिक गेम्स सिर्फ एक खेल नहीं है, बल्कि दृढ़ इच्छाशक्ति, अथक प्रयास और मानवीय भावनाओं का एक अद्भुत मिश्रण हैं। 28 सितंबर से पेरिस में शुरू होने जा रहे पैरालंपिक खेलों में टेबल टेनिस भी एक प्रमुख इवेंट के तौर पर खेला जाएगा। टेबल टेनिस 1960 के रोम पैरालंपिक में अपनी शुरुआत के बाद से लगातार विकसित होता रहा है, और आज दुनिया भर के लाखों लोगों को प्रेरित करता है।

यह जानकर हैरानी होगी कि पैरालंपिक टेबल टेनिस का इतिहास ओलंपिक टेबल टेनिस से भी पुराना है। टेबल टेनिस ओलंपिक में 1988 में ही आया था। आज, टेबल टेनिस पैरालंपिक खेलों में तीसरा सबसे बड़ा खेल है। दुनिया भर के 100 से अधिक देशों में 40 मिलियन से अधिक खिलाड़ी इस खेल से जुड़े हुए हैं। ये खिलाड़ी पैरालंपिक जैसे मेगा इवेंट में अपनी शारीरिक सीमाओं को पार करते हैं। आपको यह जानकर भी हैरानी हो सकती है कि भारत, जो ओलंपिक में एक भी टेबल टेनिस पदक नहीं जीत पाया है, वह पैरालंपिक टेबल टेनिस में जीत चुका है। टोक्यो पैरालंपिक में भारत की भवीना पटेल ने इस इवेंट में सिल्वर मेडल जीता था।

शुरुआत में केवल व्हीलचेयर एथलीटों के लिए सीमित पैरा टेबल टेनिस, आज विभिन्न प्रकार के शारीरिक इम्पेयरमेंट वाले एथलीटों का मंच बन चुका है। इन एथलीटों को उनकी क्षमताओं के आधार पर 11 वर्गों में बांटा गया है।

पैरालंपिक टेबल टेनिस के नियम ओलंपिक टेबल टेनिस से मिलते-जुलते हैं, लेकिन कुछ बदलावों के साथ। यहां खिलाड़ी अपने इम्पेयरमेंट के अनुसार कुछ टूल्स का इस्तेमाल कर सकते हैं। लेकिन एक बात हमेशा समान रहती है - खेल भावना। और यही पर वर्गीकरण



सभी टेबल टेनिस खिलाड़ियों को उनके शारीरिक इम्पेयरमेंट के हिसाब से एक समान अवसर का मंच प्रदान करता है। टेबल टेनिस के 11 वर्ग हैं। पांच वर्ग सीटिंग के हैं और छह वर्ग स्टैंडिंग के। यहां भी खिलाड़ी की क्लास बताने के लिए अक्षर और नंबर इस्तेमाल होते हैं। जैसे टीटी अक्षर टेबल टेनिस को इंगित करता है।

जैसा की आमतौर पर पैरालंपिक में होता है कि कम नंबर बड़े इम्पेयरमेंट को व्यक्त करता है। यहां नंबर एक शारीरिक तौर पर सर्वाधिक चुनौती से जूझ रहे एथलीटों के लिए है और 5 सबसे कम वाले एथलीटों के लिए।

इसलिए टेबल टेनिस में टीटी1 से टीटी5 तक के वर्ग व्हीलचेयर वर्ग हैं। टीटी6 से टीटी10 तक स्टैंडिंग वर्ग हैं, जहां 6 सर्वाधिक इम्पेयरमेंट वाले एथलीटों का वर्ग है और 10 सबसे कम इम्पेयरमेंट वाले एथलीटों का। टीटी11 बौद्धिक इम्पेयरमेंट से जूझ रहे खिलाड़ियों के लिए है। जैसा कि बताया गया है कि पैरालंपिक टेबल टेनिस के नियम ओलंपिक टेबल टेनिस जैसे ही होते हैं। लेकिन खिलाड़ियों की इम्पेयरमेंट के हिसाब से स्वाभाविक तौर पर नियमों में कुछ लचीलापन है। जैसे जो खिलाड़ी पैडल को मजबूती से नहीं पकड़ सकते हैं, वे बैट को अपने हाथ से बांध सकते हैं या बैट और हाथ को जोड़ने के लिए इलास्टिक बैंड का उपयोग कर सकते हैं। नियमों के अनुसार, कुछ स्टैंडिंग खिलाड़ी विशेष रूप से वर्ग 6 से 8 में छड़ी या बैसाखी का उपयोग कर सकते हैं।

टोक्यो पैरालंपिक में भारत की भवीना पटेल ने क्लास 4 कैटेगरी में महिला सिंगल्स इवेंट में सिल्वर मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया था। इस बार भवीना पटेल के अलावा सोनलबेन पटेल भी पैरा टेबल टेनिस में भारत की ओर से चुनौती पेश करेंगी।

# देश को एकता के सूत्र में पिरोने में सनातन संस्कृति का महत्वपूर्ण योगदानः उप मुख्यमंत्री

ओंकारेश्वर में ब्राह्मण चिंतन शिविर में हुए शामिल उप मुख्यमंत्री



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि पूरे देश को एकता के स्वरूप में बांध के रखने में सनातन संस्कृति का योगदान महत्वपूर्ण है। ओंकारेश्वर की पवित्र भूमि का सनातन संस्कृति को पल्लवित पोषित करने में अहम योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि समाज व देश को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ओंकार मठ आश्रम परिक्रमा मार्ग ओंकारेश्वर में प्रादेशिक ब्राह्मण चिंतन शिविर को संबोधित कर रहे थे।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि विगत दिनों आदि शंकराचार्य की मूर्ति की स्थापना से ओंकारेश्वर में विकास हुआ है ऐसे सद्प्रयास आगे भी किए जाते रहेंगें। प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग हर क्षेत्र के नागरिकों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि गरीब बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर विकसित किए जा रहे हैं। सीएम राइज स्कूल से उत्कृष्ट शिक्षा की व्यवस्था की जा रही हैं।

उप मुख्यमंत्री श्रीं शुक्ल ने कहा कि देश को विकसित करने के लिए तीन क्रांतिः हरित क्रांति, उद्योग क्रांति एवं पर्यटन क्रांति ज़रूरी हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पर्यटन के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। धार्मिक पर्यटन को सुलभ करने के लिए सरकार ने पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा योजना प्रारंभ की है। उन्होंने चिंतन शिविर में ब्राह्मण समाज के कल्याण, उत्थान सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर एवं ममलेश्वर मंदिर में और माँ नर्मदा के सपत्नीक दर्शन कर पूजा अर्चना की। उन्होंने प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की।

## जिले में अब तक 413.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में 25 अगस्त को 11.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दिन सर्वाधिक 47 मिलीमीटर वर्षा गुढ़ तहसील में दर्ज की गई। जिले में एक जून से अब तक कुल 413 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि इस अवधि में तहसील हुजूर में 468.8 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 265.5 मिलीमीटर, गुढ़ में 769 मिलीमीटर, सिरमौर में 424.4 मिलीमीटर, त्योंथर में 218.5 मिलीमीटर, सेमरिया में 301.2 मिलीमीटर, मनगवां में 596 मिलीमीटर तथा तहसील जवा में 263 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 523.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

# उप मुख्यमंत्री बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में श्री कृष्ण जन्म उत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे

रीवा

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल 26 अगस्त को बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में श्री कृष्ण जन्मउत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री शुक्ल प्रातः 9.30 बजे निज निवास से बसामन मामा के लिए प्रस्थान करेंगे तथा प्रातः 11.10 बजे गौपूजन करेंगे। उप मुख्यमंत्री प्रातः 11.20 बजे श्री कृष्ण पूजन कर जन्माष्टमी सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण के जीवन चरित्र पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों प्रस्तुतियां की दी जायेंगी। श्री शुक्ल प्रातः 11.40 बजे कन्या पूजन करेंगे तथा प्रातः 11.50 बजे श्री शुक्ल का स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वागत किया जायेगा। दोपहर 12 बजे उप मुख्यमंत्री का उद्बोधन होगा तथा अपरान्ह एक बजे कार्यक्रम का समापन होगा।

## श्रीकृष्ण पर्व पर कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में नृत्य नाटिका एवं भक्ति संगीत की होगी प्रस्तुतियाँ

**रीवा।** जन्माष्टमी के अवसर पर 26 अगस्त को श्रीकृष्ण पर्व आयोजन में मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में भगवान श्रीकृष्ण आख्यान की कला अभिव्यक्तियों की प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में शाम 7 बजे से श्री कृष्ण नृत्य नाटिका एवं भक्ति संगीत की प्रस्तुति होगी। मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में भोपाल के हरीश शर्मा एवं साथियों द्वारा श्रीकृष्ण नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी जाएगी तथा मुंबई के राजेश प्रसाद मिश्रा एवं उनके दल द्वारा भक्ति संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

## उप मुख्यमंत्री आज विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल 26 अगस्त को अपरान्ह 4 बजे राजनिवास सर्किट हाउस में विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे तथा आमजनों से भेंट करेंगे। श्री शुक्ल शाम 7 बजे कृष्णाराज कपूर आडिटोरियम में यादव महासभा द्वारा आयोजित श्री कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा रात्रि 9 बजे स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेने के उपरांत रात्रि 10 बजे निज निवास पहुंचेंगे।

## स्टैंडिंग कमेटी की बैठक संपन्न



रीवा

स्थानीय निकायों के उप निर्वाचन 2024 के संबंध में विभिन्न जानकारियाँ देने तथा आदर्श आचरण संहिता के पालन किये जाने के संबंध में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक गतदिवस संपन्न हुई। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उप निर्वाचन के दौरान सामग्रियों की दरों, व्यय लेखा तथा आदर्श आचरण संहिता सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गयी। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## युवक ने किया जहरीला पदार्थ का सेवन, डायल-100 ने अस्पताल पहुँचाकर बचाई जान

**रीवा।** जिला रीवा के थाना अतरैला क्षेत्र अंतर्गत लूक गाँव में एक व्यक्ति ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में दिनाँक 24-08-2024 को रात्रि 11ः10 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल अतरैला थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक ब्रजेश साकेत पायलेट अजय तिवारी ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि 31 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों से जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। डायल 112/100 जवानों द्वारा पीड़ित युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जवा पहुँचाया गया।

# जिला अस्पताल में हुई दूरबीन से बिना चीरफाड़ की सर्जरी

रीवा



जिला अस्पताल रीवा में दूरबीन के माध्यम से बिना चीरफाड़ के सर्जरी की गयी। अस्पताल में 24 वर्षीय मरीज पेट के दर्द की शिकायत लेकर चिकित्सक के पास पहुंचा। जिला अस्पताल के इमरजेंसी में डॉ आलोक दुबे सर्जरी विशेषज्ञ ने मरीज को भर्ती कर तुरंत उपचार चालू कर दिया। आयुष्मान योजना के माध्यम से जांचों में मरीज के अपेंडिक्स में सूजन एवं मवाद पाया गया, जिसे दूरबीन पद्धति से बिना चीरे के आपरेशन किया गया। आपरेशन में डॉ सिद्धार्थ सिंह प्लास्टिक सर्जन, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ राधा ,डॉ निष्ठा डॉ प्रियंका एवम समस्त स्टाफ का योगदान रहा। उल्लेखनीय है कि उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल की पहल पर जिला अस्पताल में कुछ दिनों पूर्व ही लेप्रोस्कोपिक सेटअप प्रदान करवाया गया था जिससे आयुष्मान योजना के माध्यम से बिना चीरफाड़ के दूरबीन के द्वारा सर्जरी संभव हो पाई। यह सुविधा इससे पूर्व बड़े शहरों एवं मेडिकल कॉलेजों में ही प्राप्त थी। इस सुविधा को मिलने में सिविल सर्जन डॉ. एमएल गुप्ता का विशेष योगदान रहा।

## बाल संप्रेक्षण गृह में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर



**रीवा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आशीर्वाद भिलाला के नेतृत्व में बाल संप्रेक्षण गृह में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आशीर्वाद भिलाला ने बालकों के अधिकार के संबंध में जानकारी दी एवं किशोर न्याय बोर्ड की प्रधान मजिस्टेट श्रीमती नीलिमा देवदत्त ने किशोर न्याय अधिनियम के बारे में विस्तार से बताया। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री अभय कुमार मिश्रा ने निःशुल्क विधिक सहायता योजना के बारे जानकारी दी। असिस्टेंट डिफेंस काउसिंल अनीश पाण्डेय ने मौलिक कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी। शिविर में संप्रेक्षण गृह अधिक्षिका सुधा पचौरी एवं परिवीक्षा अधिकारी अनिल पाण्डेय एवं बालकगण उपस्थित रहे।

## राजस्व कार्य में लापरवाही बरतने पर 3 पटवारी निलंबित

**रीवा।** राजस्व कार्य में लापरवाही बरतने पर मऊगंज जिले के अन्तर्गत अनुभाग हनुमना में 3 पटवारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। अनुविभागीय अधिकारी हनुमना ने राजेन्द्र प्रसाद मानव पटवारी हल्का हर्दिहाई, सौरभ श्रीवास्तव पटवारी हल्का धौसड़ तथा नीरज पटेल पटवारी हल्का मिसिरगवां को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए मुख्यालय तहसील कार्यालय हनुमना नियत किया गया है।

# संगठन को जीवंत बनाता है सदस्यता अभियान : तिवारी



**रीवा।** भारतीय जनता पार्टी मऊगंज जिला के सीतापुर और नईगड़ी मंडल के संगठन पर्व की कार्यशाला आयोजित कर पार्टी द्वारा चलाई जाने वाले सदस्यता अभियान की जानकारी शक्ति केंद्र बूथअध्यक्षों को दी गई करशाला को संबोधित करते हुए जिला संगठन प्रभारी केके तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित डाल है कार्यकर्ताओं को हर 5 वर्ष में नई सदस्यता ग्रहण करनी पड़ती है साधारण सदस्यता के पश्चात सक्रिय सदस्यता होती है इन्हीं सदस्यताओं के बल पर पार्टी का संगठन पूरे राष्ट्र में खड़ा है जो पार्टी का संगठनात्मक ढांचा होता है वही पार्टी की सदस्यता लेने वाले कार्यकर्ता हीसंगठन में पदाधिकारी और मोचन प्रकोष्ठ में दायित्व पाते हैं और संगठन का विस्तार में लगते हैं यह संगठन पर हमें सदस्यता को जमीनी अस्तर पर फैलाने का माध्यम है हर घर से खासकर मातृशक्ति को ज्यादा से ज्यादा पार्टी की विचारधारा से जोड़ने का काम आप सभी करें पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पार्टी की सदस्यता हो हर व्यक्ति सदस्य बने इसका प्रयास आपको करनद्य है।

**संगठन की प्राण वायु है सदस्यता अभियानः डॉ राजेंद्र मिश्रा**

भारतीय जनता पार्टी मऊगंज जिला अध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र मिश्रा ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि मऊगंज जिला बनने के बाद पहली बार पार्टी का सदस्यता अभियान चलाया जाने वाला है यह सदस्यता अभियान ऐतिहासिक और पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा हो हर घर से व्यक्ति सदस्य बने खासकर मऊगंज जिले में आदिवासियों की संख्या बहुत है जिन्हें लक्ष्य बनाकर सदस्यता अभियान को पूरा करना है और मातृशक्ति की भागीदारी 50ब्र हो इसका भी ध्यान आपको रखना है किसी प्रकार की कोई शिकायत ना हो जिस तरह से हमारे जीवन में प्राण वायु काम करती है इस तरह पार्टी के संगठन में सदस्यता महत्वपूर्ण है सदस्यता अभियान पार्टी का प्राण वायु है जिसे हमें पूरा करना है और ऐतिहासिक काम करके पूरे प्रदेश में नंबर एक आना है हर कार्यकर्ता इसमें प्राण प्राण से लग जाए और हर बार को पार्टी की सदस्यता दिलाये बैठो को युवा नेता राहुल गौतम ने भी संबोधित किया बैठक में शिवदत्त मिश्र विनोद कॉल महेंद्र सिंह बृजेंद्र गुप्ता जयप्रकाश मिश्रा विपिन मिश्रा उर्मिला सिंह गौड़ मुरलीधर द्विवेदी सहित अपेक्षित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायतों में 29 अगस्त को होगा बाल सभा का आयोजन

**रीवा।** बाल अनुकूल पंचायत निर्मित करने के उद्देश्य से आगामी 29 अगस्त को सभी ग्राम पंचायतों में बाल सभा का आयोजन किया जायेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे ने रीवा एवं मऊगंज जिले के सभी जनपद के सीईओ को निर्देश दिये हैं कि ग्राम पंचायतों में 10 से 18 वर्ष के बालक-बालिकाओं की बाल सभा का आयोजन किया जाना सुनिश्चित करें।

# जन्माष्टमी पर्व समारोह पूर्वक भक्तिभाव के साथ मनाया जायेगा

रीवा

शासन द्वारा जन्माष्टमी पर्व मनाये जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। जन्माष्टमी पर्व पर प्रत्येक जिले में भगवान श्रीकृष्ण के मंदिरों की साफ-सफाई कार्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन तथा भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा एवं मित्रता के प्रसंग तथा जीवन दर्शन पर आधारित विभिन्न विषयों पर विद्वानों के माध्यम से सभी शासकीय/ अशासकीय स्कूल/कॉलेज में व्याख्यान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

प्रदेश के ऐसे स्थल जहां भगवान श्रीकृष्ण के जीवन में जुड़े विशेष प्रसंग रहे हैं वहाँ प्रसंगों के अनुकूल जन्माष्टमी के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाने, शास्त्र सम्मत मंदिर निर्माण के स्थापत्य एवं उनकी विशिष्टयों को इन अवसरों पर प्रचारित प्रसारित करने, हमारे गौरवशाली इतिहास के प्रसंगों/कथानकों/आख्यानों से सभी वर्गों को अवगत कराने तथा सभी शासकीय/ अशासकीय विद्यालयों/ महाविद्यालयों में भारतीय विशिष्ट परंपराओं, योग आदि पर व्याख्यान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाने के भी निर्देश दिये गये हैं।

## जन्माष्टमी पर रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**रीवा।** जन्माष्टमी पर्व पर 26 अगस्त को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। राज्य शासन द्वारा निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट एक्ट के तहत यह अवकाश घोषित किया गया है।

## विद्यालयों में मनाया जायेगा जन्माष्टमी पर्व

**रीवा।** सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा। अपर संचालक लोक शिक्षण द्वारा जारी निर्देश के अनुसार विद्यालयों में भगवान श्री कृष्ण की शिक्षा एवं मित्रता के प्रसंग तथा जीवन दर्शन पर आधारित विभिन्न विषयों पर विद्वानों के व्याख्यान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस अवसर पर भारतीय विशिष्ट परंपराओं, योग आदि पर व्याख्यान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

# चैन स्नैचिंग करने वाला अंतर्राज्यीय गिरोह गिरफ्तार

**रीवा।** पीडिता ऊषा पाण्डेय निवासी बोदाबाग रीवा दोपहर बाजार से अपने घर लौट रही थी तो पीछे तरफ से एक स्कूटी में सवार दो अज्ञात बदमाश आये और इसके गले से सोने की चैन को झपट्टा मारकर छीनकर भाग गये। रिपोर्ट पर अपराध क्र 122/24 धारा 356, 379 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उपरोक्त घटना के उपरान्त सूचना मिलते ही पुलिस ने बदमाशों की नकाबंदी की और अलग अलग टीमें बनाकर बदमाशों की तलाश में भेजा गया इस घटना में सीसीटीवी सेन्टर एवं सायबर सेल रीवा का सहयोग लिया गया जिससे जानकारी हुई की बदमाश प्रयागराज उ0प्र0 के है जिनकी लगातार पुलिस निगरानी करती रही । मुखबिरों को तैनात किया गया तभी बदमाश रीवा में दिनांक 05.07.2024 को पीडिता सीमा सिंह अनतपुर रीवा में आकर बारदात किये रिपोर्ट पर अपराध धारा 304 बी0एन0एस0 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी प्रकार तीसरी घटना में दिनांक 07.08.24 को पीडिता शकुन्तला त्रिपाठी अरुण नगर के साथ पुन: पीछाकर सोने की जंजीर छपट्टा मारकर छीन ले गये। उपरोक्त घटना उपरान्त पुलिस ने अलग अलग स्थानो पर नकाबंदी कर तलास करने पर आरोपी अजय कुमार भारती ,, ऋषभ केशरवानी एवं शुभम यादव सभी निवासी प्रयागराज उ0प्र0 द्धए चाकघाट में पकडे गये जिनसे पूंछतांछ पर उपरोक्त घटनाओ एवं अपराध को किया जाना स्वीकार किया बदमाशो का प्रयागराज पुलिस से अपराधिक हिस्ट्री की जानकारी लेने पर अजय भारती सम्पति संबंधी अपराध करने का दुरदांत अपराधी है जिनका थाना कर्नलगंज में अपराधिक रिकार्ड का लेखजोख है जिसकी प्रति प्राप्त की गई है, इसी तरह लूटी गई जेवरो को बेचने में मददत करने वाला राहुल कनौजिया निवासी प्रयागराज को गिर0 किया गया है। सभी को रीवा लाकर पूछताछ की गई जिन्होने वि0वि0 थाने एवं अन्य थानों में लूटपाट की घटना करना बताया बदमाशो को गिर0 कर 03 दिन का पुलिस रिमान्ड लिया गया है जिसमें रीवा जिले में चैन स्नैचिंग की अन्य घटना के खुलसा होने की सम्भावना है, बदमाशो से दो प्रकरण में 26 ग्राम सोना मशरुका बरामद की की गई है।

# जन्माष्टमी पर 20 वर्षों से वृंदावन में श्रीमद्भागवत कथा कर रहे हैं बाला व्यंकटेश





**रीवा।** रीवा के संत पंडित बाला व्यंकटेश जी जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर पिछले 20 वर्षों से वृंदावन में श्रीमद्भागवत कथा कर रहे हैं। उनका यह अनुष्ठान कृष्ण भक्तों के बीच अत्यंत प्रसिद्ध है और हर साल बड़ी संख्या में लोग उनकी कथा सुनने के लिए वृंदावन आते हैं। पंडित बाला व्यंकटेश जी अपनी अद्वितीय कथा शैली और गहरे आध्यात्मिक ज्ञान के लिए जाने जाते हैं, जो श्रोताओं को भक्ति और आस्था की एक नई ऊँचाई पर ले जाता है। उनकी कथा में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन की विभिन्न लीलाओं का वर्णन होता है, जो श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देता है और उन्हें भक्ति और प्रेम की भावना से भर देता है। इस वर्ष की कथा की मुख्य यजमान प्रोफेसर संध्या शुक्ला प्राध्यापक शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा है। श्रीमद् भागवत कथा का प्रथम दिन भक्तों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण रहा। इस दिन कथा का शुभारंभ होता है और भक्तगण बड़ी श्रद्धा और भक्ति के साथ कथा का श्रवण करते हैं। प्रथम दिन की कथा में भागवत पुराण का महत्त्व, उसकी उत्पत्ति, और उसके दिव्य गुणों का वर्णन महाराज जी के द्वारा किया गया। प्रथम दिन पंडित जी के द्वारा श्रोताओं को भागवत कथा की महिमा और उसके गूढ़ तत्वों के बारे में विस्तार से व्याख्या की गई । इस प्रकार, श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन के श्रवण से भक्तों के जीवन में आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति भावना का संचार हुआ। पंडित बाला व्यंकटेश ने कहा कि मनुष्य के दुख का प्रमुख कारण चिंता है गहरे अर्थ और जीवन के यथार्थ को दर्शाती है। चिंता, जो अक्सर भविष्य की अनिश्चितताओं और वर्तमान परिस्थितियों के प्रति हमारी प्रतिक्रियाओं का परिणाम होती है, मनुष्य के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर भारी प्रभाव डाल सकती है।हमें चिंता की जगह चिंतन को महत्व देना चाहिए।





स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विधि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833